नई दिल्ली
शनिवार 31 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी/चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 288
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 21
न्यून. 08

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


सोने-चांदी में तूफानी तेजी में अब ब्रेक

## चांदी 67,000 गिरकर 3.32 लाख रुपए पर पहुंची



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने और चांदी को बड़ी गिरावट देखी गई। एमसीएक्स पर चांदी 67 हजार रुपए (17%) गिर गई थी। 1 किलो चांदी का भाव 3.32 लाख रुपए पर आ गया था। सोने में भी सुबह के कारोबार के दौरान ▸▸ शेष पेज 7 पर






कहा, असम में घुसपैठ की प्रवृत्ति को केवल भाजपा ही रोक सकती है

# असम के 7 जिलों में 64 लाख घुसपैठियों का दबदबा कांग्रेस के राज में हुआ आबादी बदलाव: अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को असम में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज मैं असम में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों के बारे में भी बात करना चाहता हूँ। कांग्रेस के 20 साल के शासनकाल में असम की जनसंख्या संरचना में बदलाव आया है और उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य के सात जिलों में 64 लाख घुसपैठियों का



दबदबा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि घुसपैठ को केवल भाजपा ही रोक सकती है और जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को फिर से चुनने का आग्रह किया।

**सीएम हिमंता ने घुसपैठियों को रोका :** अरुणाचल प्रदेश की सीमा के पास स्थित धेमाजी में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि असम में घुसपैठ की प्रवृत्ति को केवल भाजपा ही पलट सकती है। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंता ने कहा है कि आपने यहाँ घुसपैठियों को रोक दिया है, लेकिन मिसिंग समुदाय की ज़िम्मेदारी सिर्फ़ इस क्षेत्र में घुसपैठियों को रोकना नहीं है। मिसिंग समुदाय की ज़िम्मेदारी पूरे असम को घुसपैठियों से मुक्त करना है। हमारे सात ज़िले धुबरी, बारपेटा, दरांग, मोरीगाँव, बोंगाईगाँव, नागांव और गोलपारा। आज ये ज़िले घुसपैठियों के वर्चस्व वाले हो गए हैं।

**अतिक्रमणकारियों को आने से रोका :** शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार असम में जनसांख्यिकीय बदलाव का मुकाबला करने के लिए कई उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की लगातार दो सरकारों ने घुसपैठियों द्वारा कथित अतिक्रमण से लगभग 1.26 लाख एकड़ भूमि मुक्त कराई है। शाह ने असम के प्रमुख आदिवासी समूहों में से एक, मिसिंग समुदाय की भूमिका पर भी प्रकाश डाला, जिन्होंने ऊपरी असम में अवैध अतिक्रमणकारियों को आने से रोका।

### घुसपैठियों को रोकने भाजपा को चुनें

शाह ने दावा किया कि कांग्रेस के बीस साल के शासनकाल में, इन सात जिलों में, जहाँ पहले घुसपैठियों की आबादी न के बराबर थी, अब 64 लाख घुसपैठिए हो गए हैं। अगर हमें घुसपैठियों को रोकना है, तो हमें क्या करना होगा? मैं यह नहीं कह रहा कि मेरे युवा हथियार उठाकर घुसपैठियों को रोकने के लिए सीमा पर चले जाएँ। हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार यह काम करेगी, चिंता न करें। लेकिन अगर आप घुसपैठियों को रोकना चाहते हैं, तो आगामी चुनावों में एक बार फिर भाजपा को अपना समर्थन दें। भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चुनें।

बातचीत में गाजा शांति योजना और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर किया विचारों का आदान-प्रदान

## इजरायल के साथ संघर्ष के बीच जयशंकर से मिलीं फिलिस्तीन की विदेश मंत्री

**बोलीं वर्सेन अघोबेकियन शाहीन, संघर्ष के दौरान दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता के लिए सबसे उपयुक्त देश है भारत**



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रीय राजधानी में 31 जनवरी को आयोजित की जाने वाली भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में भाग लेने के लिए शुक्रवार से ही समूह के तमाम प्रतिनिधियों का स्वदेश पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। कई ने नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ शिष्टाचार भेंट भी की है। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा ध्यान खींचा, फिलिस्तीन की विदेश और प्रवासी मामलों की मंत्री वर्सेन अघोबेकियन शाहीन की भारत के विदेश मंत्री के साथ हुई मुलाकात ने। जो इजरायल के फिलिस्तीन के साथ जारी सैन्य संघर्ष के अत्यंत चिंताजनक वैश्विक माहौल ▸▸ शेष पेज 7 पर

### फिलिस्तीन के मुद्दे पर होगी बात

भारत के विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद एक्स पर अपने विचारों को साझा करते हुए फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वर्सेन शाहीन ने कहा, मैं दूसरी भारत-अरब देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए भारत पहुंची हूं। मेरी ये यात्रा भारत-फिलिस्तीन के बीच साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने और अरब देशों की दुनिया के साथ सहयोग के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि शनिवार को होने वाली बैठक को हम फिलिस्तीन के मुद्दे, गाजा के पुर्ननिर्माण, शांति योजना और भारत व अरब दुनिया के लिए महत्वपूर्ण अन्य विषयों पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में देखते हैं।

भारत-अमेरिका के बीच रक्षा, व्यापार और जटिल खनिजों सहित साझेदारी से जुड़े अन्य पहलुओं पर की गई चर्चा

## टैरिफ संकट और बीटीए पर असमंजस के बीच जयशंकर से मिले अमेरिकी राजदूत गोर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



एक ओर अमेरिका ने भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। तो दूसरी ओर अभी तक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। आपसी संबंध भी बहुत अच्छे नहीं कहे जा सकते हैं। लेकिन इन सबके बीच नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम घटा है। जिसमें विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर के मध्य एक द्विपक्षीय मुलाकात हुई। इस दौरान बातचीत में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय साझेदारी और उससे जुड़े हुए रक्षा, व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों तथा अन्य जरूरी पहलुओं पर चर्चा की गई है। यह मुलाकात हालांकि बीते गुरुवार को राजधानी दिल्ली में हुई है, जिसे लेकर जानकारी डॉ . जयशंकर ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए साझा की है। यहां बता दें कि संबंधों ▸▸ शेष पेज 7 पर

### भरोसेमंद सप्लाई चेन की जरूरत

रूस-यूक्रेन और पश्चिम-एशिया में जारी सैन्य संघर्षों के चलते चिंताजनक बने हुए अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक परिदृश्य में इस महत्वपूर्ण बैठक के आयोजन के पीछे अमेरिका की मंशा जटिल खनिजों पर आधारित एक सुरक्षित, भरोसेमंद और लचीली सप्लाई चेन को लेकर वैश्विक सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। अमेरिका के विदेश विभाग का कहना है कि बैठक में आर्थिक सुरक्षा, तकनीकी नेतृत्व और इंटरनेशनल ऊर्जा ट्रांजिशन जैसे कदमों पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भारत के पैक्स सिलिका ▸▸ शेष पेज 7 पर






झांकियों में महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और केरल जैसे राज्य टॉप-3 में हुए शामिल

## गणतंत्र दिवस समारोह में नौसेना को मिला सेनाओं के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते का पुरस्कार

**रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित एक समारोह में विजेताओं को किया सम्मानित**



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस परेड समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर तमाम देशी-विदेशी मेहमानों के सामने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सैन्य मार्चिंग दस्तों और राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों को शुक्रवार को राजधानी स्थित राष्ट्रीय रंगशाला में आयोजित एक समारोह में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमें तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते के रूप में भारतीय नौसेना को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया। केंद्रीय अर्ध-सैन्यबलों और अन्य सहायक बलों में इस श्रेणी में शीर्ष पुरस्कार पाने वालों में दिल्ली पुलिस का दस्ता शामिल हुआ। जबकि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की शीर्ष तीन झांकियों में क्रमशः महाराष्ट्र की गणेशोत्सवः आत्मनिर्भरता का प्रतीक, जम्मू-कश्मीर (जम्मू-कश्मीर के ▸▸ शेष पेज 7 पर

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## स्कूलों में 'मुफ्त' सैनेटरी नैपकिन देने का आदेश, नहीं तो रद्द होगी मान्यता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने देश की लाखों छात्राओं के पक्ष में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए साफ कर दिया है कि स्कूलों में शौचालय और सैनिटरी नैपकिन की कमी लड़कियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता तक पहुंच न होना सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह गरिमा और निजता के अधिकार से जुड़ा है। कोर्ट के मुताबिक शिक्षा एक 'मल्टीप्लायर राइट' है जो अन्य सभी मानवाधिकारों के रास्ते खोलता है, इसलिए मासिक धर्म के दौरान सुविधाओं का अभाव लड़कियों को पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर नहीं करना चाहिए। अगर प्राइवेट स्कूल ये सुविधाएं देने में विफल रहते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। यह ऐतिहासिक फैसला मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की नेता जया ठाकुर द्वारा दायर उस जनहित याचिका पर आया है जिसमें ग्रामीण इलाकों के स्कूलों की बदहाली का मुद्दा उठाया गया था। याचिका में बताया गया था कि बुनियादी सुविधाओं और नैपकिन की ▸▸ शेष पेज 7 पर

भाजपा ने गजनी-लोदी से जुड़े बयान को लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी पर किया पलटवार

# कांग्रेस पार्टी का इकोसिस्टम गजनी का गुणगान और सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करता है: पूनावाला

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी पर उनके बयान को लेकर पलटवार किया है। प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को देश के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की ओर से मध्यकालीन शासकों महमूद गजनी और लोदी वंश को लेकर दिए गए बयान पर जोरदार प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा ने आरोप लगाया कि विपक्ष इतिहास को नए सिरे से गढ़ने की कोशिश कर रहा है और हिंदुओं के धार्मिक प्रतीकों के खिलाफ हुई हिंसा को कम करके दिखा रहा है। पूनावाला ने इस मामले को लेकर कहा कि यह बयान कोई अलग-थलग बयान नहीं है,

**अंसारी ने कहा था 'चाहे वे लोधी हों या गजनी, वे सभी हिन्दुस्तानी लुटेरे थे। वे बाहर से नहीं आए थे।'**



बल्कि यह बार-बार दोहराया जाने वाला पैटर्न है, जो भारत के मध्यकालीन अतीत से जुड़ी घटनाओं को साफ-सुथरा दिखाने की कोशिश को दिखाता है।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी की यह प्रतिक्रिया पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के हाल ही में दिए ▸▸ शेष पेज 7 पर

### अंसारी की टिप्पणी चौंकाने वाली

भाजपा प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की ये टिप्पणी वाकई चौंकाने वाली है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने उन्हें एक बार नहीं बल्कि दो बार उपराष्ट्रपति पद के लिए चुना था। क्या कांग्रेस नेतृत्व और विपक्ष के नेता राहुल गांधी इन क्रूर हमलों को महज़ घरेलू कृत्य बताकर सही ठहराने से सहमत हैं, जिनमें हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया गया और हजारों लोगों की हत्या की गई? केसवन ने एक्स पर हामिद अंसारी का वीडियो शेयर कर लिखा, 'आठवीं शताब्दी के आरंभिक इस्लामी आक्रमणों से लेकर मुगल शासन तक, हिंदू धर्म के पवित्र स्थलों को सुनियोजित तरीके से ▸▸ शेष पेज 7 पर

### धारदार हथियार से वार करने के बाद पत्थरों से सिर कुचला

# सौतेले पिता ने किशोर का बेरहमी से किया कत्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में शुक्रवार सुबह एक 12 वर्षीय लड़के का शव झाड़ियों में मिला। मृतक अल्तमश के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाये गये हैं। पुलिस ने बताया कि लड़के की मां के दूसरे पति की भूमिका आरोपी के रूप में सामने आई है। पुलिस फरार आरोपी वाजिद की तलाश में छापेमारी कर रही है।

पुलिस को शुक्रवार सुबह नौ बजकर 50 मिनट पर वारदात की सूचना मिली। इसके बाद एक टीम शास्त्री पार्क चौक लूप के पास घटनास्थल पर पहुंची। सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला किशोर बेहोश पाया गया। पुलिस



उसे तत्काल जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लड़के को सिर पर घाव समेत कई चोटें आई थी। पुलिस ने बताया कि गंभीर मारपीट के निशान और आंखों पर चोटें देखी गई, जिसके कारण विस्तृत फोरेंसिक जांच शुरू की गई। अल्तमश, शास्त्री पार्क में परिवार के साथ रहता था। परिवार में मां मुमताज, बड़ा भाई अमन, वसी और सौतेला पिता वाजिद है। एक शादीशुदा बहन है। मृतक की बहन ईरम ने बताया कि 2019 में उनके पिता शफीक की मौत हो गई थी। पिता की मौत के कुछ माह बाद ही मां ने निजामुद्दीन में वाजिद से शादी कर ली थी। वाजिद पहले से शादीशुदा था और रिक्शा चलाता था। एक हफ्ते से वाजिद और मुमताज के बीच झगड़ा चल रहा था। झगड़े के बाद महिला अपनी बहन के घर जाकर रहने लगी। गुरुवार को अल्तमश व उसका भाई वसी शास्त्री पार्क स्थित अपने सरकारी स्कूल गए थे। वे सातवीं और नौंवी कक्षा में पढ़ते थे। शाम को छुट्टी होने के दौरान वाजिद रिक्शा लेकर स्कूल पहुंच गया। वह दोनों बच्चों को लेकर घर की तरफ चल पड़ा। शास्त्री पार्क रेड लाइट के पास पहुंचकर उसने बड़े बेटे को रिक्शे पर बैठे रहने और छोटे को झाड़ियों में चुहा दिखाने के बहाने अपने साथ ले गया। एक घंटे बाद वह झाड़ियों से बाहर आया। उसने वसी से कहा कि अल्तमश घर चला गया है, तुम भी घर चले जाओ। घर जाने के बाद उसने मां को फोन पर घटना बताई। देर शाम तक अल्तमश घर नहीं लौटा। परिजनों ने बच्चे को काफी तलाशा मगर उसके बारे में कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह आरोपी ने अल्तमश की मां को फोन पर उसका वीडियो भेजा। वीडियो के आधार पर किशोर को तलाशा गया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## ज्योति नगर में दंपति घर में मृत पाए गए

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के ज्योति नगर में एक दंपति अपने घर के अलग-अलग कमरों में मृत पाए गए। मृतकों के नाम अजय दीक्षित (50) और रीता कुमारी (48) बताये गये हैं। प्रारंभिक जांच में दंपति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की बात सामने आई है। हालांकि मौत के सटीक कारणों का पता पीएम रिपोर्ट के बाद पता चल सकेगा। पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना ज्योति नगर थाने को शुक्रवार रात करीब 12.05 बजे मिली। एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर व्यक्ति और महिला के शव अलग-अलग कमरों में पड़े पाए। घटनास्थल की जांच और साक्ष्य जुटाने के लिए एक फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। शवों को बाद में मौत के सटीक कारण का पता लगाने के लिए गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक व्यक्ति का अपना व्यवसाय था और उसे कारोबार में नुकसान हुआ था। आशंका है कि आर्थिक तंगी के कारण परिवार दबाव में रहा होगा। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पड़ोस के एक शख्स ने बताया कि वे लगभग एक साल पहले यहां रहने आए थे। दंपति के दो बेटे भी साथ रहते थे। एक की उम्र 29 और दूसरे की 25 वर्ष के आसपास है।

## कैफे में हत्या के बाद वीडियो पोस्ट करने वाला दबोचा

नई दिल्ली। वेलकम इलाके में गोलीबारी और हत्या के मामले में वांछित व्यक्ति को शुक्रवार को स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोहम्मद मोइन कुरैशी (24) को तिमारपुर इलाके से पकड़ा गया। इसने हत्या के बाद एक वीडियो बनाकर वारदात की जिम्मेदारी ली थी। आरोपी ने मृतक के भाई द्वारा लगाये गये आरोपों का भी खंडन किया था। पुलिस ने बताया कि जानकारी के आधार पर एक टीम तिमारपुर इलाके में तैनात की गई थी। आरोपी को एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आते देखा गया। जब पुलिस की टीम ने कुरैशी को रोकने का प्रयास किया तो उसने भागने की कोशिश की और गोली चला दी। जवाब में पुलिस ने भी गोलीबारी की। पुलिस ने बताया कुछ देर की गोलीबारी के बाद कुरैशी को काबू कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की गोली लगने से घायल कुरैशी को पास के अस्पताल ले जाया गया।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
**(जिला - सारण), बिहार - 841221**

ई–निविदा सूचना सं. 10/RWP/Engg//2025-26/WT/(Open) दिनांक 29.01.2026. उप मुख्य इंजीनियर/ रेपका /बेला भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन "खुली ई–निविदा सूचना" भारतीय रेलवे ई–प्रोक्येरमेंट पोर्टल (आई.आर.ई.पी.एस.) www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित करते है:– (1) **कार्य का नाम, स्थान, अनुमानित लागत, अग्रधन जमा राशि एवं कार्य के पूरा करने का समय:** निविदा सं.–17_रेपका–इंजी_25_26_डब्लू०टी०_खुली, कार्य का नाम जेन–01 (2025–26): कारखाना परिसर के अन्दर जैसे मेन प्लांट, शॉप फ्लोर, इलेक्ट्रिक सब–स्टेशन, कैंटीन, एस०टी०पी०, आर०टी० शॉप, मेन टॉयलेट, इंजीनियरिंग कार्यालय, पी०सी०एस०, मेट लैब, मुख्य स्टोर इत्यादि मे बचा हुआ सभी रखरखाव का कार्य। पी०ई० 30.06.2026. कार्य की अनुमानित लागत–: रु. 59,91,990/–. निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य रु– : 0.00. अग्रधन जमा राशि–: रु. 1,19,800/–. कार्य पूर्णता की अवधि–:30.06.2026 (2) **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 19.02.2026 को 14:30 बजे तक (3) **वेब साइट एवं नोटस बोर्ड का विवरण जहाँ से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** उपरोक्त निविदा तय तिथि एवं समय तक ही जमा की जा सकेगी। निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। निविदा प्रस्तुत करने वाली भावी कम्पनी/एजेंसी को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धि–पत्र सहित अदायतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल (www.ireps.gov.in) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

उप मुख्य इंजीनियर
रेल पहिया कारखाना, बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2025–26/103

## अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के नकली जूते बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, मालिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कई अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के नकली जूते बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इसके मालिक को पूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार यह फैक्ट्री सोनिया विहार इलाके में चल रही थी। इसमें बड़े पैमाने पर 'न्यू बैलेंस', 'नाइकी', 'एडिडास' और 'स्केचर्स' जैसे ब्रांड के नकली स्पोर्ट्स शूज बनाए जा रहे थे। आरोपी की पहचान सोनिया विहार निवासी संदीप सिंह (44) के रूप में हुई है। उसे छापेमारी के दौरान मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 28 जनवरी को पूर्वोत्तर दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के नकली जूते बनाने वाली फैक्ट्री के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने



संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर वहां छापा मारा। छापेमारी के दौरान परिसर में जूते बनाने की एक पूरी फैक्ट्री चालू पाई गई। कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधियों ने पुष्टि की कि इकाई उनकी कंपनियों के 'लोगो' और ब्रांड नाम का अनधिकृत उपयोग कर जूते बना रही थी। पुलिस ने मौके से छह मशीनें, नौ प्रिंटिंग स्क्रीन और 131 डाइ बरामद की हैं। जब्त की गई सामग्री का इस्तेमाल कंपनियों के लोगो और ब्रांड नाम छापने में किया जा रहा था। इसके अलावा जूते बनाने में इस्तेमाल होने वाले छह रोल और बड़ी मात्रा में कच्चा माल भी जब्त किया गया। पुलिस ने बताया छापेमारी के दौरान विभिन्न ब्रांड के जूतों के 9,616 ऊपरी हिस्से और उक्त कंपनियों के लोगो वाली 1,667 'स्टिकर शीट' भी बरामद की गई। इस मामले में धोखाधड़ी, जालसाजी और कॉपीराइट उल्लंघन से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने कक्षा 12 तक पढ़ाई की है और वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले से दिल्ली आया था। उसने चावड़ी बाजार में एक प्रिंटिंग प्रेस में काम कर छपाई की तकनीक सीखी और बाद में अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया। बाद में उस व्यवसाय को उसने नकली जूते बनाने की इकाई में बदल दिया।

## नरेला में स्कूटी और टैंपो की टक्कर, मां बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नरेला इलाके में शुक्रवार शाम स्कूटी और टाटा 407 टैंपो की टक्कर के बाद 16 साल के एक किशोर और उसकी 40 वर्षीय मां की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवा दिया है। आरोपी टैंपो चालक अरेस्ट कर लिया गया है। मृतक दरियापुर कलां गांव के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम लगभग 3 बजे नरेला थाने में जैन मंदिर, ओल्ड नरेला-बवाना रोड, राजीव आवास योजना परिसर के पास एक जानलेवा सड़क दुर्घटना के बारे में सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा और क्राइम टीम को भी घटनास्थल का मुआयना करने के लिए बुलाया गया। मौके पर पूछताछ करने पर पता चला कि एक 16 साल का लड़का और उसकी 40 वर्षीय मां स्कूटी पर सवार होकर ओल्ड नरेला-बवाना रोड पर नरेला की तरफ से बवाना की तरफ जा रहे थे। यात्रा के दौरान उनकी स्कूटी एक टाटा-407 टैंपो से टकरा गई। दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां बीजेआरएम अस्पताल में किशोर को मृत घोषित कर दिया गया जबकि वाल्मीकि अस्पताल में महिला को मृत घोषित किया गया। उक्त टैंपो के ड्राइवर को मौके पर ही पकड़ लिया गया। कानून के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि किशोर के पिता का नाम मनीष कुमार निवासी दरियापुर कलां है।

## गुरुओं के सम्मान से जुड़े मामले में कोई समझौता नहीं : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली। गुरुओं के सम्मान से जुड़े मामले में कोई समझौता नहीं, सच सामने आना ही चाहिए। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को पंजाब सरकार के रवैये पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि एफआईआर, शिकायत और एफएसएल रिपोर्ट कहां हैं? पंजाब सरकार की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने व्यक्त करते हुए कहा है कि अब तक जिस प्रकार से संबंधित फ़ाइल को रोके रखा गया है, उससे कई गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। न तो अब तक एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराई गई है, न ही शिकायत की कॉपी सौंपी गई है और न ही जांच से संबंधित कोई आधिकारिक रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है। यह स्थिति संदेह को जन्म देती है और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी संदीप, पुत्रः** श्री सुभाष, **पताः** एफ–6/217,218, सुल्तान पुरी, **दिल्ली FIR No. 479/24, U/s: 304(2),317(2)3(5) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 पुलिस थानाः राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संदीप,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संदीप,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **संदीप, FIR No. 479/24, U/s: 304(2),317(2)3(5) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 पुलिस थानाः राज पार्क, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर–पश्चिम कमरा नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1217/OD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **सूरज, पुत्रः** स्व. श्री सुनील पासवान, **पताः** मकान न.: ई–73, तृतीय तल, जे.जे. कॉलोनी, ख्याला, दिल्ली, ने **FIR No.: 359/2024, दिनांकः 31.05.2024, U/s: 25/54/59 Arms Act, थानाः ख्याला, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सूरज,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सूरज,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 359/2024, दिनांकः 31.05.2024, U/s: 25/54/59 Arms Act, थानाः ख्याला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **सूरज,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शीतल रानी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–12
(पश्चिम), कमरा न. 152
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/1275/WD/2026
(Court Matter)

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर एलजी ने अर्पित की श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। मोहनदास कर्मचंद गांधी (महात्मा गांधी) की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने उनकी समाधी स्थल राजघाट जाकर श्रद्धांजली अर्पित की। एलजी ने खुद अपने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट करते हुए लिखा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। एलजी ने लिखा कि सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों के बल पर उन्होंने न केवल देश को स्वतंत्रता दिलाई, बल्कि सम्पूर्ण विश्व को मानवता और शांति का मार्ग दिखाया। उनके आदर्श और विचार सदैव राष्ट्र ही नहीं, बल्कि सारे विश्व को मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे।

## दिल्ली विधानसभा परिसर में भीअर्पित की पुष्पांजलि



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिल्ली विधानसभा परिसर में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महात्मा गांधी के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान और गणराज्य की नैतिक नींव को स्मरण करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि गांधी का जीवन और उनका बलिदान आज भी राष्ट्र की लोकतांत्रिक चेतना और सामूहिक अंतरात्मा का मार्गदर्शन करता है। इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधानसभा के सदस्यगण तथा दिल्ली विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे और सभी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पूज्य बापू महात्मा गांधी की आज पुण्यतिथि है। शांति और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी ने दुनिया को यह संदेश दिया कि आखिरी सांस तक सत्य और अहिंसा ही सबसे बड़ी ताक़त होती है। गांधी न सिर्फ़ भारत, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक मिसाल हैं। पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि इस पावन अवसर पर हम महात्मा गांधी को नमन करते हैं, जिनके बलिदान ने भारत की स्वतंत्रता को सत्य, अहिंसा और निःस्वार्थ सेवा के उच्चतम आदर्शों से पवित्र किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि नैतिक बल और आचारिक शुचिता ही स्थायी सुशासन और राष्ट्रीय एकता की सुदृढ़ नींव हैं।

## सिपाही ने बैरक में लगाई फांसी

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले में तैनात दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल ने शुक्रवार सुबह अपने बैरक में ही आत्महत्या कर ली है। इंदर सिंह (52) पश्चिमी दिल्ली के स्वान दस्ते में संचालक के रूप में तैनात थे। उन्होंने जनकपुरी थाने के पास अपने बैरक में पंखे से लटककर फांसी लगाई। बताया जा रहा है कि वह अपनी पोती की मौत के बाद से पिछले डेढ़ साल से अवसाद में थे। हालांकि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार मूलतः हरियाणा के भिवानी निवासी इंदर सिंह पश्चिमी जिले के स्वान दस्ते में अपनी सेवाएं दे रहे थे। शुक्रवार सुबह जब उनके सहयोगी बैरक में पहुंचे, तो उन्हें इंदर सिंह का शव पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शव को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है।

## खुफिया ब्यूरो का अधिकारी बताकर लोगों को ठगने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने पूर्वी दिल्ली में लोगों को धोखा देने के लिए खुद को कथित तौर पर खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी के तौर पर पेश किया। वह एक मामले में भगोड़ा घोषित होने के बाद से फरार था। पुलिस के अनुसार गाजियाबाद निवासी आरोपी विमल भट्ट उर्फ सोनू को 29 जनवरी को पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। वर्ष 2017 के एक मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई थी कि भट ने कथित तौर पर आईबी में तैनात एक आईपीएस अधिकारी होने का नाटक करके लोगों को धोखा दिया और खुद को एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में पेश करने के लिए फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल किया। पुलिस ने बताया कि वह 'पुलिस' के स्टिकर, सायरन और लाउडस्पीकर लगे वाहन में घूमता था, ताकि अधिकारी होने का आभास कराया जा सके और आम जनता के बीच भय पैदा किया जा सके। पुलिस के मुताबिक उसके पास से आईबी का एक फर्जी पहचान पत्र, एक वॉकी-टॉकी, पुलिस वर्दी से संबंधित सामान, एक सायरन, एक लाउड हेलर (भोंपू) और गृह मंत्रालय का जाली पहचान पत्र बरामद हुआ। इसके अलावा फर्जी प्रमाणपत्रों वाले दस्तावेज भी उसके पास मिले हैं। इन बरामदगी के आधार पर व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और जाली दस्तावेजों के इस्तेमाल से संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। द्वारका (दक्षिण) पुलिस थाने में दर्ज एक मामले की सुनवाई के दौरान चार अगस्त, 2025 को भट को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त, अभियुक्त नाम 1, **दिनेश, पुत्रः** जयपाल, **पताः** मकान न.: 15–16, गली न. 1, दीनपुर एक्सटेंशन, छावला, नई दिल्ली, **और** दूसरा अभियुक्त, नाम 2, **मनीषा, केयर ऑफः** राकेश, **पताः** मकान न. 29/2/2, छावला एक्सटेंशन, नई दिल्ली, ने **FIR No.: 88/2024, U/s: 33/58, Delhi Excise Act, थानाः ज़फरपुर कलां, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **दिनेश और मनीषा,** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **दिनेश और मनीषा,** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 88/2024, U/s: 33/58, Delhi Excise Act, थानाः ज़फरपुर कलां, नई दिल्ली,** के उक्त दोनों अभियुक्त, **दिनेश और मनीषा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री अभिनव अहलावत
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09
दक्षिण–पश्चिम जिला, कमरा न. 314
जिला न्यायालय, द्वारका, नई दिल्ली

DP/1291/DW/2026
(Court Matter)

## आज से दिल्ली एनसीआर में बारिश का एक और दौर बढ़ाएगा सर्दी, 3 फरवरी से मौसम लेगा करवट

नई दिल्ली। दिल्ली में जनवरी का महीना के साथ समाप्त होने वाला है। मौसम विभाग का अनुमान है कि शनिवार 31 जनवरी 2026 की देर रात के बाद हल्की बारिश शुरू होने की संभावना है। जबकि रविवार 1 फरवरी 2026 को दिन में रुक-रुक कर कहीं कम कहीं ज्यादा बारिश हो सकती है। वहीं निजी मौसम अनुमान विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में इस बार जनवरी का महीना बारिश के साथ समाप्त होने की संभावना है। शनिवार से बारिश का एक और दौर देखने को मिल सकता है। बीते तीन दिनों में तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 7.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कंपनी की माने तो पश्चिमी विक्षोभ से पहले ऊंचे स्तर के बादलों की एक परत दिल्ली और आसपास के इलाकों में छाई रहेगी, जिससे आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा। शनिवार 31 जनवरी की शाम के बाद बादल और अधिक घने और नीचे आ जाएंगे। इसके बाद आधी रात या तड़के हल्की बारिश शुरू हो सकती है। रविवार 1 फरवरी को हल्की, छिटपुट और रुक-रुक कर बारिश होने के आसार हैं। वहीं, सिस्टम के अवशेष के कारण सोमवार 2 फरवरी की सुबह भी हल्की बारिश संभव है। जबकि 3 फरवरी से मौसम के साफ होने की संभावना है। लगातार बादल और बारिश के कुछ दौर के कारण रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी और न्यूनतम तापमान फिर से दो अंकों में पहुंच सकता है। हालांकि दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है। गौरतलब है कि दिल्ली में इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 15 जनवरी 2026 को 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जनवरी महीने में अब तक दिल्ली में कुल 25 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है, जबकि सामान्य बारिश 19.2 मिमी होती है। शनिवार 31 जनवरी की सुबह 8:30 बजे के बाद होने वाली कोई भी बारिश फरवरी महीने में गिनी जाएगी।

### दिल्ली सचिवालय में गुरु रविदास जयंती पर भव्य आयोजन

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की वाणी भाईचारे और सामाजिक न्याय का देती है संदेश : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संत शिरोमणि गुरु रविदास की वाणी समानता, समरसता, भाईचारे और सामाजिक न्याय का संदेश देती है। संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम के मौके पर कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने यह संबोधन दिया। इस अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास के अनुयायी एवं श्रद्धालुओं के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग तथा अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि संत




शिरोमणि गुरु रविदास महान संत, समाज सुधारक और आध्यात्मिक क्रांति के अग्रदूत थे, जिन्होंने मानवता को ही सबसे बड़ा धर्म बताया। उन्होंने कहा कि संत रविदास की वाणी समानता, समरसता, भाईचारे और सामाजिक न्याय का संदेश देती है।

**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L65999DL1985PLC019846
**पंजीकृत कार्यालय** : ई–253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली–110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in

**31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार**
[ सेबी ( एलओडीआर ) नियमनों, 2015 के नियमन 47( 1 )( बी ) देखें ]

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | अअंकेक्षित | | |
|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2025 | समाप्त नौ माह 31 दिसम्बर 2025 | समाप्त अनुकूल तिमाही 31 दिसम्बर 2024 |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 13.31 | 23.35 | (18.25) |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 6.15 | (0.36) | (24.05) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 6.15 | (0.36) | (24.05) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 6.15 | (0.36) | (24.05) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 6.15 | (0.36) | (24.05) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 211.75 | 211.75 | 211.75 |
| 7 | रिजवर्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड | 0.29 | (0.02) | (1.14) |

**टिप्पणी** : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तैमाहिक अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
दिनेश शर्मा
एमडी एवं सीईओ
डीआईएन नं. : 07526355

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 30 जनवरी 2026


हरियाणा सरकार
Surajkund Mela Authority
"विकसित भारत का आधार एक आत्मनिर्भर भारत भी है।
आइए, हम सब मिलकर "वोकल फॉर लोकल"
को हर नागरिक के जीवन का मंत्र बनाएँ।"
- नरेन्द्र मोदी
39वां
सूरजकुंड
इंटरनेशनल
आत्मनिर्भर क्राफ्ट फेस्टिवल
Local to Global – आत्मनिर्भर भारत की पहचान
उद्घाटन समारोह
31 जनवरी, 2026 | प्रातः 11:00 बजे | सूरजकुंड, फरीदाबाद, हरियाणा
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
मुख्य अतिथि
श्री सी. पी. राधाकृष्णन
भारत के माननीय उप-राष्ट्रपति
विशिष्ट अतिथि
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. अरविंद कुमार शर्मा
विरासत एवं पर्यटन मंत्री, हरियाणा
सहभागी राष्ट्र
मिस्र
थीम राज्य
Uttar Pradesh
UTTAR PRADESH TOURISM
उत्तर प्रदेश
Meghalaya TOURISM
मेघालय
टिकट बुकिंग सभी मेट्रो स्टेशन व दिल्ली मेट्रो सारथी मोबाइल ऐप पर उपलब्ध
मेले की टिकट के लिए QR कोड स्कैन करें
Google Play
App Store
HARYANA TOURISM Come, holiday with us!
विदेश मंत्रालय MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS
Ministry of Tourism Government of India
Development Commissioner for Handlooms
ICCR
Utsav
भारतीय handicrafts हस्तशिल्प
Incredible India
MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION
उ.पू.ह.ह.वि.नि. NEHHDC
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

## खबर संक्षेप



### आठ पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

**फरीदाबाद।** शुक्रवार को फरीदाबाद पुलिस परिवार के 8 पुलिसकर्मियों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21 सी में एक सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त नरेन्द्र कुमार, भलाई निरीक्षक सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लैपटॉप चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने गाड़ी का



शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी करने के मामले में दो आरोपी दीपक, निवासी राजा की मंडी सेक्टर-11 आगरा उत्तर प्रदेश हाल निवासी सूरदास कॉलोनी फरीदाबाद तथा रोहित, निवासी भूपानी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीयूष निवासी पुरी प्रणायाम, सेक्टर-82 फरीदाबाद ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसने अपनी गाड़ी को वर्ल्ड स्ट्रीट, सेक्टर-81 फरीदाबाद के पास खड़ा किया गया था।

### 11 लाख रुपए की ठगी खाताधारक धराया

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने टाटा प्ले कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर 11,14,767 रुपए की



ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए खाताधारक अनुपम मिश्रा निवासी गांव खम्हरिया उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-29, फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने टाटा प्ले कनेक्शन का रिचार्ज कराया थाए लेकिन खाते से पैसे कटने के बावजूद रिचार्ज नहीं हुआ। गूगल पर टाटा प्ले कस्टमर केयर नंबर सर्च किया उस नंबर पर संपर्क किया। दौरान ठगों ने स्वयं को कस्टमर केयर कर्मचारी बताते हुए शिकायतकर्ता को एक एपीके फाइल का लिंक भेजा और उसे डाउनलोड करवा लिया। शिकायतकर्ता के खाते से 11,14,767 रुपए की राशि कट गई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# फेस्टिवल ऑफ न्यू कोरियोग्राफीज़ कला यात्रा 2026 का समापन

**खास बातें**

- भारतीय शास्त्रीय कला आंदोलन के केंद्र में स्थापित किया गया
- दो प्रभावशाली नृत्य-प्रस्तुतियां मंचित हुईं
- कलाकारों और सांस्कृतिक विभूतियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

कमानी ऑडिटोरियम में आज जब अंतिम पर्दा गिरा, तो फेस्टिवल ऑफ न्यू कोरियोग्राफीज़ कला यात्रा 2026 राजधानी के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में दर्ज हो गया। पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह की संकल्पना और क्यूरेशन में आयोजित यह महोत्सव हाल के वर्षों में दिल्ली में हुए सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजनों में से एक साबित हुआ। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, सेंटर फॉर इंडियन क्लासिकल डांसेज़ (सीआईसीडी) और डॉ. सोनल मानसिंह द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत यह



पांच दिवसीय महोत्सव आयोजित किया गया। शासन, गुरु-परंपरा और रचनात्मक दृष्टि के दुर्लभ संगम ने दिल्ली को समकालीन भारतीय शास्त्रीय कला आंदोलन के केंद्र में स्थापित कर दिया। परंपरा और समावेशिता का संगम की समापन संध्या पर दो प्रभावशाली नृत्य-प्रस्तुतियां मंचित हुईं। कोलकाता के चिदाकाश कलालय केंद्र द्वारा प्रस्तुत सौगंधिकाहरणम (निर्देशनः पियाल भट्टाचार्य) ने महाभारत की एक कम चर्चित कथा को मार्ग नाट्य परंपरा में सजीव किया। भीम और हनुमान के संवाद के माध्यम से यह प्रस्तुति बल से ऊपर विवेक, विनम्रता और आत्मबोध के संदेश को रेखांकित करती है। सांस्कृतिक हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति महोत्सव की सभी संध्याओं में दर्शकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। उमा शर्मा, मालिनी अवस्थी, संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष संध्या पुरेचा, डॉ. सच्चिदानंद जोशी, प्रतिभा प्रह्लाद, शोभना नारायण, माधवी मुद्गल, गीता चंद्रन, वसीफुद्दीन डागर, रमा वैद्यनाथन, शेरॉन लोवेन, सस्वती सेन और रंजना गौहर सहित अनेक प्रतिष्ठित कलाकारों और सांस्कृतिक विभूतियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। दिल्ली सरकार की ओर से कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के सचिव के. महेश ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का संकल्प है कि दिल्ली को वैश्विक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। संस्कृति दिल्ली सरकार की प्राथमिकताओं में है और वर्ष 2025 में सांस्कृतिक आयोजनों की संख्या दोगुनी हुई है। वहीं डॉ. सोनल मानसिंह ने कहा कि जो समाज संस्कृति में निवेश करता है, वह अपने भविष्य में निवेश करता है। कला यात्रा ऐसा मंच है, जहां गुरु अतीत से जुड़े रहते हुए वर्तमान से संवाद कर सकते हैं। यह महोत्सव भारतीय शास्त्रीय कला की जीवंत, समकालीन और समावेशी चेतना का प्रतीक है।

**पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया**



### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेस जनों ने याद किया

# महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय का प्रतीकः बलजीत कौशिक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि 78वीं शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में सेक्टर-9 में पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष कौशिक ने राष्ट्रपिता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए व सभी कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने देश को स्वतंत्रता दिलाने के साथ-साथ समाज में समानता और भाईचारे का संदेश दिया।

आज भी गांधी जी के विचार देश और समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी का संघर्ष और बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणा है और कांग्रेस पार्टी हमेशा उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा करती रहेगी।

### विकसित भारत जी-राम-जी कानून से आत्मनिर्भर बनेंगे गांव

# गांवों, गरीबों और किसानों का समग्र कल्याण मोदी सरकार की है प्राथमिकताः कृष्णपाल गुर्जर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सांसद जन संवाद कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में विकसित भारत-जी राम जी कानून निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक गांव सशक्त नहीं होंगे, तब तक देश का विकास संभव नहीं है। यह कानून गांवों को आत्मनिर्भर बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। यह कानून भारत के ग्रामीण अंचलों के समग्र और संतुलित विकास की दिशा में एक ठोस कदम है।

गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गांव, गरीब, किसान, श्रमिक और महिला का समग्र कल्याण है। यह कानून ग्राम पंचायतों को पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और आत्मनिर्भर बनाकर ग्रामीण भारत में विकास की नई क्रांति लाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार लगातार ग्राम और किसान हितैषी नीतियों के माध्यम से देश की विकासशील तस्वीर बदल रही है। फरीदाबाद सरपंच एसोसियशन द्वारा सांसद जन संवाद कार्यक्रम के तहत चांदपुर गांव में किसान श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें 40 से ज्यादा गांवों के सरपंच, श्रमिक एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि और सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

गुर्जर ने आगे कहा कि इस कानून के तहत ग्राम पंचायतों को अधिक अधिकार और स्वायत्तता मिलेगी, ग्रामीण मजदूरों को साल में 125 दिन का रोजगार, 7 दिन के भीतर सीधे बैंक खाते में भुगतान तथा देरी पर ब्याज सहित राशि दी जाएगी।

इसके लिए नया ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होगा। खेती को प्रभावित न करने के लिए धान की कटाई के दौरान 60 दिन तक कार्य स्थगित रहेगा। योजना में महिलाओं को विशेष प्राथमिकता, प्रशासनिक व्यय को 9 प्रतिशत तक बढ़ाने तथा ग्रामीण विकास के लिए अधिक बजट का प्रावधान किया गया है। योजना से गांवों में रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा और जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण गरीबी 2011.12 में 25.7 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 4.86 प्रतिशत रह गई है। मनरेगा के तहत अब तक हुए कुल 11.74 लाख करोड़ रुपये के भुगतान में से 8.54 लाख करोड़ रुपए पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा दिए गए हैं।

### केन्द्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में मनरेगा भ्रष्टाचार का केंद्र बन गई थी। नकली खाते खोले गए, मरे हुए लोगों के नाम पर वर्षों तक भुगतान होता रहा। उन्होंने हिसार का उदाहरण देते हुए बताया कि एक व्यक्ति की मृत्यु के कई वर्षों बाद तक उसके खाते में पैसा जाता रहा, जबकि परिवार को इसकी जानकारी तक नहीं थी। गरीबों को उनका हक नहीं मिल रहा था। उन्होंने कहा कि अब डिजिटल मॉनिटरिंग, रियल.टाइम डेटा, जीपीएस ट्रैकिंग और एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की गई है।

### योजना का उद्देश्य गांवों का समग्र विकास करना

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई जी राम जी विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना ग्रामीण भारत के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने इसे ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य गांवों का समग्र विकास करना है जिसमें भ्रष्टाचार मुक्त ग्राम पंचायत, सुशासन और जनभागीदारी को प्राथमिकता दी गई है।

इससे आत्मनिर्भर और सशक्त गांवों का निर्माण होगा तथा अंतिम व्यक्ति तक स्वरोजगार और आजीविका के अवसर सुनिश्चित होंगे। इस अवसर पर चौधरी प्रवीण गर्ग, शोभित अरोड़ा, विक्रम सिंह अरुआ, मनीष छोकर, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल भूरा, सरपंच अवतार सिंह, रविन्द्र बांकुरा राजकुमार भाटी, सुभाष चन्द, धर्मपाल सिंह, रतनपाल, देवेन्द्र कर्दम, अजय डागर, वीरेंद्र कुमार, हारून खान, सुरेन्द्र कुमार, बीडीसी चेयरमैन रॉबर्ट, मनोज कुमार सरपंच, रमेश सरपंच, अजब सिंह सरपंच आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

### गिरोह के सरगना समेत चार गिरफ्तार

# फर्जी चैक देकर दवाईयों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

स्वाट टीम, अपराध शाखा ने शुक्रवार को फर्जी डॉक्टर बनकर मेडिकल फार्मेसी को कॉल कर धोखाधड़ी से फर्जी चैक देकर दवाईयों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी संख्या में सिमकार्ड एवं दवाईयां बरामद किए गए है। अपर पुलिस उपायुक्त पीयूष सिंह ने बताया कि आरोपियों को क्षेत्र कोतवाली रेलवे स्टेशन गाजियाबाद के पास माल गोदाम रोड़ से मुकेश तनेजासिंह, मुकेश व अमित खुराना गिरफ्तार किया गया है।


## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | QDP-1497NITNO.1377 DATED23.10.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.02.2026 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है (पंचकूला)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | QDP-1498NITNO.1378 DATED24.10.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.02.2026 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है (पंचकूला)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT-1373 QDP-1493 DATED24.09.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 25.02.2026 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है (पंचकूला)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.30/XENTSDIV.HVPNL HISAR/2025-2026 DATED 18.09.2025 TENDERREF.NO./ E-TENDERID2025_HBC_473301_1 2025A07FD380ECB346DE97FAC3311293E47B967HVP | बोली खुलने की तिथि - 06.10.2025 को 15:00 बजे ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.02.2026 तक (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल | E-NITNO.23/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-2026 DATED 11.08.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID:2025_HBC_464495_1 20255F2A022B71CE 4CFF 8AC2 0629C4A210EB967HVP | बोली खुलने की तिथि - 25.08.2025 को 15:00 बजे ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.02.2026 तक (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 6 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.22/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-2026 DATED 11.08.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID:2025_HBC_464498_1 20254EFB84AC C2B74EFE 9461 100DSE1372EF967HVP | बोली खुलने की तिथि - 25.08.2025 को 15:00 बजे ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.02.2026 तक (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 7 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.31/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-2026 DATED 18.09.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID:2025_HBC_473312_1 20255D176F60B769F483E943F FE15F8669E24967HVP | बोली खुलने की तिथि - 06.10.2025 को 15:00 बजे ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.02.2026 तक (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 8 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.32/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-2026 DATED 29.09.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID:2025_HBC_475282_1 20258E845492 99C2 474D AEB85BA5AB1EAF01967HVP | बोली खुलने की तिथि - 17.10.2025 को 15:00 बजे ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.02.2026 तक (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 9 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.24/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-2026 DATED 20.08.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID:2025_HBC_466347_1 202519DD7971 43E2 4308 913A 02E38927F86E967HVP | बोली खुलने की तिथि - 05.09.2025 को 15:00 बजे ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 18.02.2026 तक (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 10 | एचवीपीएनएल | QDP NO. : 1496 NIT NO. : 1376 DATED21.10.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.02.2026 तक 1700 बजे तक बढ़ा दी गई है (पंचकूला) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 11 | एचवीपीएनएल | 24/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 20.01.2026 ONLINETENDERID:2026D18656AE18EF4B&E9B01 23FF10F9D28C968HVP/ 2026_HBC_497980_1 | बोली खुलने की तिथि - 20.01.2026 (15:00 बजे) थी ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.02.2026 तक (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 12 | एचवीपीएनएल | DNITNO. 138857 (EPC-D-138/PD&C) DATED24.10.2025 | शुद्धिपत्र सं. 5/ऑनलाइन बोलियां जमा की तिथि में विस्तार 06.02.2026 तक 17:00 बजे तक और 29.01.2026 (प्रकाशन हेतु) (पंचकूला)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/240/42537/I/88/7 दि. 30.01.26



## हरियाणा लोक सेवा आयोग
### बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**विज्ञापन सं. 22/2026** **प्रकाशन की तिथि : 30.01.2026**

1. **पद का नाम और पदों का श्रेणीवार विभाजन**
आयोग एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) और अन्य सम्बद्ध सेवाओं के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पदों का श्रेणी वार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-**

| क्र. सं. | पद का नाम | सामान्य /यूआर | हरि. के डीएससी | हरि. के ओएससी | हरि. के बीसी(ए) | हरि. के बीसी(बी) | हरि. के ईडब्ल्यूएस | कुल | हरि. के ईएसएम | हरि. के पीडब्ल्यूबीडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) | 11 | 02 | 02 | 04 | 02 | 03 | 24 | सामान्य-01 बीसीबी-01 | एचएच-01 |
| 2. | डीएसपी | 02 | 01 | 01 | 02 | 01 | 01 | 08 | बीसीए-01 | - |
| 3. | ईटीओ | 14 | 03 | 02 | 04 | 02 | 02 | 27 | सामान्य-01 | वीएच (सामान्य)-01 |
| 4. | डीएफएससी | 02 | - | - | - | - | - | 02 | - | एचएच-01 |
| 5. | एआरसीएस | 01 | 01 | - | - | 01 | - | 03 | - | - |
| 6. | डीएफएसओ | 01 | - | - | - | - | - | 01 | - | एचएच-01 |
| 7. | एईटीओ | 09 | 03 | 03 | 03 | 01 | 03 | 22 | सामान्य-01 | वीएच (सामान्य-01) एचएच (सामान्य-01) |
| 8. | टीएम | 02 | 01 | 02 (01 फ्रैश + 01 बैकलॉग) | 01 (बैकलॉग) | - | 01 | 07 | - | - |
| 9. | 'ए' श्रेणी तहसीलदार (अप्रेंटिस) | 02 | 01 | - | - | - | - | 03 | - | एचएच-01 |
| 10. | 'ए' श्रेणी नायब तहसीलदार (अप्रेंटिस) | 02 | 01 | - | 01 | - | 01 | 05 | - | - |
| | कुल | 46 | 13 | 10 | 15 | 07 | 11 | 102 | 05 | 07 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 06.02.2026
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 26.02.2026 **अप. 05:00 बजे तक**
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 26.02.2026 **अप. 05:00 बजे तक**
अधिक जानकारी के लिये, लॉग ऑन करें **http://hpsc.gov.in**

**दिनांक : 30.01.2026**
हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/375/2026/42553/88/7 दि. 30.01.26



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई भिवानी | लिफ्ट जल सेवाएं (एम) डिवीजन, भिवानी में आरडी 10990 सुन्दर डिस्टी. पर बाढ़ बचाव कार्यों के लिए विभिन्न इलैक्ट्रोमेकेनिकल उपकरण जैसे वीटी पम्प्स, इलैक्ट्रिक मोटर्स, स्टार्टर पैनल और अन्य सम्बद्ध एक्सेसरीज की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन और 4 अदद अन्य। | बंद होने की तिथि 11.02.2026 | 550 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 2 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग झज्जर | गांव सिलाना सिलानी, ब्लॉक व जिला झज्जर में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से सलाइन और वाटर लॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 28.01.2026 09.02.2026 | 3,36,41,423/- | https://etenders.hry.nic.in | 9034766492 jhajjarasco@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ककाना भादरी में पं. मोहन पुत्र लक्ष्मी के खेत से परवेश पुत्र रामकुमार के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण (एचजीवीवाई) + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.02.2026 | 2,40,69,007/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सहारनी :- गांव सहारनी जिला सिरसा में ढाणियों में जलापूर्ति पाइप लाइन बिछाने का प्रावधान, स्लुइस वॉल्व हौदियां, फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 29.01.2026 13.02.2026 | 1860527/- | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 5 | जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, अम्बाला | अम्बाला सिटी मण्डी हेतु बेरखेरी मण्डी, मण्डी परिवहन निविदा कार्य-2026-27 हेतु मण्डी श्रम एवं ढुलाई निविदा कार्य-2026-27 (एचडब्ल्यूसी)। | 28.01.2026 04.02.2026 | - | https://etenders.hry.nic.in | 8800154900 dfscamb1@gmail.com |
| 6 | सिंचाई नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में नारनौल में कैनाल कॉलोनी में एसई आवास की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 04.02.2026 | 1.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 7 | लोनिवि (भ व प) विभाग सिरसा | सिरसा जिले में ऐलनाबाद में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में सुगम्य भारत अभियान (जीएसटी के बिना) हेतु डीएनआईटी + 1 कार्य। | 29.01.2026 05.02.2026 | 79,96,419/- | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि (भ व प) विभाग जीन्द | जीन्द जिले में गांव पोंकेरी खेड़ी में पुष्कर तीर्थ की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 07.02.2026 | 1,48,69,695/- | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पंचकूला | (भोज कोटी कंगर) - गांव कंगेर, जी.पी. भोज कोटी, ब्लॉक मोरनी में दीनानाथ हाउस से धर्मपाल हाउस तक गली और आर/वॉल का निर्माण (एमपीएलएडीएस आरएस) + 7 कार्य। | 29.01.2026 04.02.2026 | 39,71,695/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा पंचकूला | स्टील ग्रेड एफई-410 के अद्यतन संशोधित अनुसार आकार 200 मिमी × 6.4 मिमी और 250 मिमी × 8.00 मिमी, आईएस 4270/2001 से पुष्टिकृत, के ईआरडब्ल्यू एम.एस. पाइप्स का वार्षिक आर/सी। | 31.01.2026 02.03.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in, dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग रोहतक | भालोट सब ब्रांच के आरडी 124000 से 156014 तक विभिन्न संरचनाओं का पुनर्निर्माण/निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.02.2026 | 16,35,66,469/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 12 | लोनिवि (भ व प) विभाग हिसार | सिरसा में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में आर.ओ. सिस्टम सहित वाटर कूलर को बदलना। | 28.01.2026 05.02.2026 | 5,95,114/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि (भ व प) विभाग हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में नये बस स्टैंड का निर्माण (ई.आई. आंतरिक के बकाया कार्य का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 29.01.2026 04.02.2026 | 39,29,868/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि (भ व प) विभाग हिसार | हिसार में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में 4 अदद शौचालयों का निर्माण और 2 अदद लिफ्टों के प्रावधान द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा के प्रावधान हेतु प्रसार-कच्चा लागत अनुमानित राशि रु. 66.06 लाख के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित करके आयोजित माननीय बिल्डिंग कमेटी, हरियाणा की बैठक के मिनट्स (2 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल)। | 28.01.2026 05.02.2026 | 39,30,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि (भ व प) विभाग हिसार | हिसार जिले में चौधरीवास से गवार तक रोड आरडी 0.00 से 5.560 (रोड आईडी 4953) रोड का मजबूतीकरण (एचटी/एलटी लाइन्स की शिफ्टिंग का प्रावधान)। | 28.01.2026 06.02.2026 | 2,10,14,242/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज फरीदाबाद | बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद में विद्युत और जन स्वास्थ्य कार्यों समेत पंचायत भवन का पुनरोद्धार। | 29.01.2026 10.02.2026 | 1,72,12,128/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | पम्प हाउस नं. 1 बधवाना डिस्टी. की पुरानी बिल्डिंग में 2 अदद 200 एचपी इलैक्ट्रिक मोटर सहित 2 अदद 35 सीएस वीटी एक्सईएल/मिक्सड फ्लो पम्प की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन एवं 7 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 10.02.2026 | 646.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज रेवाड़ी | 3 अदद प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाईयां (श्रेड्डर, बैलिंग, डस्ट रिमूविंग मशीन) जिला रेवाड़ी की आपूर्ति। | 04.02.2026 11.02.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज भिवानी | गांव हालूवास माजरा देवसर ब्लॉक व जिला भिवानी में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, स्कीम 100 व्यक्ति जनसंख्या के लिए 0.6 एकड़ सीएम घोषणा + 2 कार्य। | 29.01.2026 03.02.2026 | 1,60,30,539/- | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/380/42568/1/88/7 दि. 30.01.26

## 'दिल्ली को साफ रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता'

# शहर को धूल और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सीएम ने एमसीडी को दिए 500 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में सफाई व्यवस्था मामले में कोई समझौता नहीं होगा और दिल्ली को साफ रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दिल्ली सचिवालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली को साफ, स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त राजधानी बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने बड़ा और दूरगामी कदम उठाया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और धूल से होने वाले प्रदूषण पर काबू पाने के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को 500 करोड़ रुपये की एकमुश्त सहायता दी है। इस धनराशि से सफाई व सड़कों की छोटी-मोटी मरम्मत कर धूल उड़ने की समस्या को कम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि सफाई व्यवस्था को स्थायी रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार आगे भी नगर निगम को हर साल 300 करोड़ रुपये की नियमित सहायता देती रहेगी। स्वास्थ्य व्यवस्था विषय को लेकर हुई इस बैठक में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, निगम आयुक्त संजीव खिरवार सहित सरकार व नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पुराना बकाया चुकाने में भी खर्च होगा कुछ हिस्सा

बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा ने जानकारी दी कि राजधानी को साफ और स्वच्छ रखने के लिए एमसीडी को 500 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए गए हैं। राशि का कुछ हिस्सा उन कंपनियों का पुराना बकाया चुकाने में खर्च होगा जो कचरा प्रबंधन का काम करती हैं ताकि वे बेहतर तरीके से अपने काम को अंजाम दे सकें।

कुछ हिस्सा सफाई व्यवस्था को बिना किसी रुकावट के चलाने के लिए दिया जाएगा ताकि कचरा उठाने और उसे ले जाने में होने वाले मासिक घाटे की भरपाई की जा सके। साथ ही, कुछ हिस्सा उन खास इलाकों से कूड़ा हटाने के लिए भी दिया जाएगा जहां ठेकेदार काम नहीं करते। इसके अतिरिक्त सड़कों की छोटी-मोटी मरम्मत, जैसे गड्ढे भरने, छोटे पैच रिपेयर और धूल से होने वाले प्रदूषण को रोकने के कामों पर भी राशि खर्च की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी को सही मायनों में विकसित दिल्ली बनाने के लिए स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त किया जाना आवश्यक है। इसके लिए सफाई व्यवस्था का भी चाक-चौबंद रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कूड़ा आदि से निकली धूल भी प्रदूषण को बढ़ाती है, इसलिए हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि राजधानी को साफ व स्वच्छ बनाने की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम को कूड़ा उठाने की व्यवस्था को और बेहतर बनाना होगा। दिल्ली सरकार सफाई से जुड़े आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए निगम को अलग से पर्याप्त धनराशि दे रही है, ताकि सफाई के काम में बेहतर और तेजी से नतीजे मिल सकें।

मुख्यमंत्री रेखा ने कूड़े से ऊर्जा बनाने वाले नए प्लांट लगाने के निर्देश दिए और मौजूदा प्लांट को अपग्रेड करने को भी कहा। साथ ही, हरित कूड़े के सही उपयोग पर जोर देते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक मशीनें लगाने के निर्देश एमसीडी नेताओं को दिए।

### किसी अन्य योजना में उपयोग नहीं की जाए राशि: रेखा

बैठक में मुख्यमंत्री ने नगर निगम को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह पूरी राशि केवल स्वीकृत उद्देश्यों के लिए ही उपयोग की जाए और इसका किसी अन्य योजना में उपयोग नहीं किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम को सभी वित्तीय नियमों का पालन करते हुए खर्च की नियमित निगरानी सुनिश्चित करनी होगी और समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट और उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

---

**पानी के पुराने बिलों से छुटकारा पाने का मौका**

# दिल्ली जल बोर्ड ने योजना की बढ़ाई अवधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भाजपा की दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली में अब पानी के बिलों से जुड़ी समस्याओं को आसान समाधान मिल रहा है। दिल्ली में जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की लेट पेमेंट सरचार्ज (एलपीएससी) माफी योजना को जनता से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है।

जनप्रतिनिधियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्युए) और दिल्ली भर के नागरिकों की लगातार मांग को देखते हुए सरकार ने योजना की अवधि 15 अगस्त तक बढ़ाने का फैसला किया है, ताकि ज्यादा लोग वर्षों से लंबित बकाया राशि को बिना अतिरिक्त ब्याज बोझ के चुका सकें। इसके साथ ही मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्लीवासियों के हित में कई बाते कही। उन्होंने बताया कि इस योजना ने पारदर्शी प्रशासन और न्यायपूर्ण बिलिंग सुधारों को लेकर नागरिकों का भरोसा मजबूत किया है। अब तक 3 लाख 30 हजार से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ उठा चुके हैं, जिसके तहत लगभग 1,500 करोड़ रु का ब्याज माफ किया गया है, जबकि 430 करोड़ रु से अधिक की मूल राशि 29 जनवरी तक वसूल की जा चुकी है। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने इसे व्यवस्था सुधार की दिशा में जनता का स्पष्ट समर्थन बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के नागरिक सही बिल देना चाहते हैं और पारदर्शी व्यवस्था का साथ देना चाहते हैं। एलपीएससी योजना को मिली प्रतिक्रिया साबित करती है कि जब सिस्टम निष्पक्ष होता है, तो लोग जिम्मेदारी से आगे आते हैं।

दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक अब तक 3 लाख 30 हजार 908 उपभोक्ता योजना से जुड़ चुके हैं। 430 करोड़ 26 लाख रु मूल बकाया वसूल किया गया है। 1,493 करोड़ 70 लाख रु यानी करीब 1,500 करोड़ रु ब्याज माफ किया गया है। सरकार ने इसे दिल्ली जल बोर्ड के इतिहास में सबसे बड़ा सुधारात्मक प्रयास बताया है।

---

## दिल्ली कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ संग्राम रैली, यादव समेत कई हिरासत में, बाद में किया रिहा

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा बचाओ संग्राम रैली निकाली और केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को 24 अकबर रोड़ से गांधी स्मृति तीस जनवरी मार्ग तक निकाले मार्च में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वाराए लाए गए नई मनरेगा योजना का नाम व नियम वापस लेने के लिए जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रर्ताओं ने हाथों में पोस्ट बैनर भी पकड़े हुए थे उन पर भी मनरेगा को लेकर स्गान लिखे थे। यादव के नेतृत्व में निकले मार्च को सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने रोका जिससे कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ तीखी झडपें हुई। ऐसे में पुलिस ने देवेंद्र यादव सहित कईओं को हिरासत में लेकर कापसहेड़ा पुलिस स्टेशन ले गई, जहां बाद में सभी को छोड़ दिया गया।



## दिल्ली मेट्रो की लाइनों को अब मिलेगी निर्बाध बिजली आपूर्ति रेखा गुप्ता ने पार्क स्ट्रीट सब-स्टेशन का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की प्रमुख लाइनों को लगातार और भरोसेमंद बिजली नया इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन (ईआरएसएस) उपलब्ध कराएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को पार्क स्ट्रीट (सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के पास) में बने इस नए इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने बताया कि इससे मेट्रो सेवाएं और बेहतर होंगी। इसके साथ ही, यह मेट्रो के आने वाले विस्तार में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस सब-स्टेशन को नई और उन्नत तकनीकों से तैयार किया गया है और केवल 18 महीनों में इसका पुनर्निर्माण पूरा होना बड़ी उपलब्धि है। उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से इस सब-स्टेशन की तकनीक और काम करने के तरीके की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन को इस प्रकार विकसित किया गया है कि दिल्ली मेट्रो की लाइनों को किसी भी प्रकार की बिजली संबंधी समस्या का सामना न करना पड़े और मेट्रो सेवाएं पूरी तरह निर्बाध रूप से संचालित होती रहें। मुख्यमंत्री रेखा ने दिल्ली मेट्रो को 'विश्वास का दूसरा नाम' बताते हुए कहा कि आज जब दिल्ली मेट्रो लगभग 500 किलोमीटर के नेटवर्क की ओर अग्रसर है, तब वह विश्वसनीयता और 'नो-फेल्योर मॉडल' के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिदिन 35 लाख से अधिक यात्री दिल्ली मेट्रो में यात्रा कर रहे हैं। दिल्ली मेट्रो राजधानी की लाइफलाइन बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में मेट्रो नेटवर्क का और अधिक विस्तार करना है।

## भाजपा सरकार ने आठ लाख से अधिक राशन कार्ड काटे : संजीव झा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में करीब 17 लाख परिवार यानी 72 लाख लोग राशन कार्ड से लाभान्वित हैं। पिछले एक साल में आठ लाख 27 हजार लोगों के राशन काट दिए गए। सबसे बड़ा पुण्य का काम गरीबों को अन्न देना होता है, लेकिन भाजपा सरकार इन गरीबों का पेट काटने में लगी है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक संजीव झा ने शुक्रवार को "आप" मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अब भाजपा सरकार ने गरीबों से राशन कार्ड बनवाने के लिए ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मांग कर भ्रष्टाचारी सिस्टम को दोबारा से जिंदा कर दिया है। हर गरीब आदमी को ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट बनवाने के लिए मजबूरन भ्रष्ट अधिकारियों को रिश्वत देनी होगी। भाजपा सरकार ने पहले राशन दफ्तरां को कई किमी दूर शिफ्ट कर राशन माफिया को फायदा पहुंचाया और अब ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मांग कर गरीबों पर दोहरी मार दे रही है।

## निगम स्थायी समिति की अध्यक्ष से डॉक्टरों ने की मुलाक़ात

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा से निगम के डॉक्टरों ने मुलाक़ात की और बजट में वर्ष 2016 तक नियुक्त अनियमित डॉक्टरों को नियमित करने के प्रावधान के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। डॉक्टरों ने इस कदम को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। डॉक्टरों ने बातचीत के दौरान बताया कि लंबे समय से सेवा सुरक्षा से जुड़ी अनिश्चितता के कारण उन्हें अनेक व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। अध्यक्ष सत्या शर्मा ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि निगम डॉक्टरों के हितों की रक्षा और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। सत्या शर्मा ने कहा कि डॉक्टर निगम की स्वास्थ्य व्यवस्था की अहम कड़ी हैं और उनकी निष्ठा व समर्पण से ही नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो पाती हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय डॉक्टरों के मनोबल को मजबूत करेगा और दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति देगा।






# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

# भूमि शेयर किया भावुक नोट

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।



## हॉलीवुड मसाला



# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

## टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं।



जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।

## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ⏭ मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

# नीट छात्रा मौत मामले में सम्राट चौधरी का ऐक्शन, सीएस, डीजीपी व एसआईटी तलब

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत मामले को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं कि छात्रा की मौत किन परिस्थितियों में हुई और क्या इसके पीछे किसी तरह का दबाव, प्रताड़ना या लापरवाही तो नहीं रही। जिसे लेकर राज्य सरकार ने मामले की जांच की प्रगति की समीक्षा करते हुए उच्चस्तरीय बैठकें की हैं, ताकि जांच तेज और निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ सके। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर इस मामले को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार, पटना के आईजी, और मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम के पदाधिकारी शामिल हुए।

पटना में नीट छात्रा की मौत मामले में जांच तेज करने को लेकर डिप्टी सीएम सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर समीक्षा बैठक हुई। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार, पटना आईजी व एसआईटी अधिकारी शामिल हुए...



## सच्चाई जल्द सामने लाई जाए

बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री ने एसआईटी से अब तक की जांच की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए और सच्चाई जल्द सामने लाई जाए। इससे पहले, डीजीपी विनय कुमार के आवास पर भी पुलिस अधिकारियों की अलग बैठक हुई थी। बैठक में जांच से जुड़े अहम बिंदुओं के साथ-साथ पीड़िता के परिजनों की बातों और उनकी आशंकाओं पर भी चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि SIT हर एंगल से जांच कर रही है—छात्रा की मौत की वजह, घटनास्थल की परिस्थितियां, उसके संपर्क में रहे लोगों की भूमिका, और किसी भी संभावित दबाव या साजिश की जांच की जा रही है।

## मृतका की मां ने कहा कि वे जांच से संतुष्ट नहीं हैं

वहीं शुक्रवार को मृतका के परिजन डीजीपी विनय कुमार के आवास पर उनसे मिलने पहुंचे। इस दौरान मृतका की मां ने कहा कि वे जांच से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं न कहीं जांच का तरीका सही नहीं है और पुलिस निष्पक्ष रूप से काम नहीं कर पा रही है। मृतका की मां ने यह भी कहा कि उन्हें अब तक न्याय मिलता नजर नहीं आ रहा है। कई स्तरों पर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। वहीं सरकार का कहना है कि मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और जांच को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कैरव के अपहरणकर्ताओं का एनकाउंटर



**जमशेदपुर।** 2 हफ्ते से लापता कैरव गांधी को सकुशल बरामद कर लिया गया था। गुरुवार देर रात उद्योगपति कैरव गांधी के अपहरण में शामिल अपराधियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। तीनों कुख्यात गोली लगने से घायल हो गए। घायलों की पहचान गुड्डु सिंह, मोहम्मद इमरान और रमीज राजा के रूप में हुई है। तीनों बिहार के रहने वाले और कई संगीन वारदात में शामिल रहे हैं।

### मछली मार रहे युवक के हाथ लगा हैंड ग्रेनेड



**अरवल।** जिले के किंजर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचहासा गांव में शुक्रवार को तालाब में मछली मारने के दौरान एक पिन बम बरामद हुआ। यह बम एक प्लास्टिक पाइप में बंद कर आहर के अंदर छिपाकर रखा गया था। मछली पकड़ने वाले तालाब का पानी सुखाकर मछली पकड़ रहे थे। उन्हें तालाब में एक प्लास्टिक पाइप नजर आया। जब पाइप को बाहर निकाला तो उसके अंदर एक पिन बम मिला।

### यूपी में 13 दरोगा सस्पेंड आईजी की बड़ी कार्रवाई



**लखनऊ।** यूपी में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों की विवेचना में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने एक इंस्पेक्टर और 12 दरोगा को निलंबित कर दिया है। कार्रवाई गोंडा, बहराइच और श्रावस्ती जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों के खिलाफ की गई है।

## प्रदेशभर से दलित समाज के लोग समारोह में भागीदारी करने आज पहुंचेंगे

# कुरुक्षेत्र में रविदास जयंती की तैयारियां पूरी, सीएम कर सकते हैं कई घोषणाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार और दलित संगठनों की ओर से 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र के उमरी में मनाई जाने वाली संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल संत रविदास जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दलित कल्याण की कई घोषणाएं कर सकते हैं। पूरे प्रदेश से दलित समाज के लोग संत रविदास जयंती समारोह में भागीदारी करने कुरुक्षेत्र के उमरी में पहुंचेंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने बताया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती को लेकर वे सभी संयुक्त प्रयासों में जुटे हुए हैं। गत दिवस इस संबंध में एक अहम बैठक भी आनलाइन की गई थी, जिसमें सभी मंत्रियों और प्रमुख नेताओं के साथ साथ में भाजपा हरियाणा मामलों के प्रभारी भी जुड़े थे। कटारिया ने बताया कि पूरे राज्यभर से बसें आएंगे और राज्य के हर जिले और शहरों में संत रविदास जी की फ्लैक्स और अन्य प्रचार सामग्री भी लगाई जाएगी। वैसे, तो कटारिया और बाकी नेता 31 जनवरी को उमरी में होने वाले इस कार्यक्रम को विशुद्ध गैर सियासी समारोह बता रहे हैं लेकिन इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बहाने भाजपा एक तीर से कई निशाने साधने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि भाजपा के बैनर तले सभी दलित समाज से जुड़े प्रमुख नेताओं और समाज को एकत्र करने की जिम्मेदारी इन चेहरों को सौंपी गई है।

**एक तीर से कई सियासी निशाने साधने का प्रयास**



चंडीगढ़। संत कबीर कुटीर पर आए पंजाब के युवाओं से संवाद करते सीएम नायब सिंह सैनी।

### सीएम ने विकसित भारत 2047 की कुंजी के रूप में प्रगति प्लेटफॉर्म की सराहना की

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारत सरकार के प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रगति (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) की प्रशंसा करते हुए इसे विकास परियोजनाओं को तेज करने और जन शिकायतों का समाधान करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बताया। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए प्रमुख योजनाओं की प्रत्यक्ष, वास्तविक समय की निगरानी को सक्षम बनाता है। नायब सिंह सैनी के अनुसार, प्रगति प्रधानमंत्री की पारदर्शी, जवाबदेह शासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और विकसित भारत 2047 के दीर्घकालिक राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे सार्वजनिक कल्याण पहलों का तेजी से निष्पादन और प्रभावी वितरण सुनिश्चित होता है।हरियाणा में वर्तमान में देखरेख अधीन 112 प्रमुख परियोजनाओं में से 57 पहले ही चालू हैं, जिनमें 94,153 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है, जबकि शेष 55 परियोजनाएं जिनकी कीमत 5.44 लाख करोड़ रुपये है। चालू परियोजनाओं में से, प्रधानमंत्री के प्रगिति प्लेटफॉर्म के तहत 13 परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनकी कीमत 30,463 करोड़ रुपये है। क्षेत्रवार, सड़कें और राजमार्ग 30 पूर्ण परियोजनाओं के साथ शीर्ष पर हैं, इसके बाद तेल और गैस (10), बिजली संचरण और वितरण (9), रेलवे (4), बिजली उत्पादन (3), और एक रियल एस्टेट परियोजना हैं।

## भाजपा विधायक ने घेरा मंत्री का काफिला

# बोले-अगर जरूरत पड़ी तो लखनऊ में करेंगे घेराव



एजेंसी ▶▶ महोबा

यहां एक दिवसीय दौरे में आए जल शक्ति मंत्री का काफिला चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने ग्राम प्रधानों के साथ रोक लिया। विधायक ने कहा कि विधान सभा में मुद्दा को उठाने के बाद भी जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है। विधायक और मंत्री के बीच हुई नोकझोंक के बाद अधिकारियों ने दखल दिया और विधायक व मंत्री कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां एक घंटा से अधिक समय तक बैठक चली।

### सुरक्षाकर्मियों व कार्यकर्ताओं में झड़प

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को जल जीवन मिशन के जल अर्पण दिवस कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। कबरई विकास खंड के लिलवाही में आयोजित कार्यक्रम के बाद शहर के एक निजी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद मंत्री का काफिया चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने सड़क पर वाहन लगाकर रोक लिया। विधायक और मंत्री के बीच नोकझोंक हुई। विधायक ने कहा कि विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन का बुरा हाल है।

### मंत्री ने विधायक को अपनी कार में बैठा लिया

मंत्री स्वतंत्र देव ने विधायक बृजभूषण के तेवर देखे तो धरातल पर समस्या को देखने की बात कहते हुए अपनी कार में बैठा लिया। बाद में मंत्री के साथ विधायक कलेक्ट्रेट पहुंचें जहां कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा हो गई। ग्राम प्रधानों के साथ विधायक बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद मंत्री को काफिला पुलिस की सुरक्षा घेरा के बीच रवाना हुआ जबकि विधायक ग्राम प्रधानों के साथ कलेक्ट्रेट से बाहर निकले।

## पेज 1 का शेष

### इजरायल के साथ संघर्ष

के बीच हुई है। एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जयशंकर ने इस मुलाकात के बारे में जानकारी दी है। उधर, मीडिया से बातचीत में शाहीन ने कहा कि इजरायल के साथ चल रहे फिलिस्तीन के संघर्ष का स्थायी रूप से समाधान निकालने के लिए भारत 'शांतिदूत या मध्यस्थ' की भूमिका निभा सकता है। क्योंकि उसके दोनों देशों के साथ संतुलित और मित्रतापूर्ण संबंध हैं। गौरतलब है कि जयशंकर से मुलाकात करने वाले अरब देशों के विदेश मंत्रियों में लीबिया, कोमोरोस, सोमालिया, सूडान, अरब लीग के महासचिव मुख्य रूप से शामिल हैं।

**गाजा शांति योजना पर चर्चा की :** डॉ. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वर्सेन अघोबेकियन शाहीन से मिलकर प्रसन्नता हुई है। हमारी वार्ता में गाजा शांति योजना और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। इसके अलावा हमने अपने विकास सहयोग की भी समीक्षा की है और इसे आगे बढ़ाने के लिए पहलों पर सहमति जताई है।

**इजरायल-फिलिस्तीन के बीच पुल बनेगा भारत:** शाहीन ने ये भी कहा कि भारत, इजरायल और फिलिस्तीन दोनों का मित्र है। इस लिहाज से वह दोनों देशों के बीच एक पुल बनाने और अपने विचार रखने में अहम भूमिका निभा सकता है। फिलिस्तीन को यह अपेक्षा है कि भारत शांति स्थापना के किसी भी प्रयास में सक्रिय भागीदारी के लिए जो भी आवश्यक होगा। वह करने से नहीं हिचकिचाएगा। उन्होंने गाजा के लिए अंतरराष्ट्रीय 'बोर्ड ऑफ पीस' बनाने की घोषणा का भी स्वागत किया। साथ ही कहा कि कोई भी ऐसी पहल जो लड़ाई को रोककर शांति स्थापित करने में मददगार होने के साथ-साथ वह सकारात्मक है। लेकिन यहां यह महत्वपूर्ण है कि ऐसी कोई भी कोशिश संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के वैश्विक ढांचे के तहत ही की जानी चाहिए। शाहीन ने कहा कि वर्तमान में प्राथमिकता इस बात की है कि गाजा के लोगों तक तत्काल मानवीय सहायता पहुंचती रहनी चाहिए। करीब 24 महीनों के अत्याचारों के बाद अब समय आ चुका है कि गाजा के लोगों को घर, साफ पानी, मेडिकल सहायता जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलें।

**बातचीत संग द्विराष्ट्र समाधान के पक्ष में भारत :** फिलिस्तीन को लेकर भारत अपनी लंबे समय से चली आ रही नीति पर कायम है। जिसमें वह बातचीत के जरिए द्वि-राष्ट्र समाधान के पक्ष में खड़ा है। इसके तहत वह सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के अंदर एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फिलिस्तीन राज्य की स्थापना चाहता है। जो इजरायल के साथ शांति से रह सके। इतना ही नहीं भारत संयुक्त राष्ट्र में भी फिलिस्तीन की सदस्यता का समर्थन करता है। 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए आतंकी हमलों, इजरायल-हमास संघर्ष में हुई नागरिकों की मौत की भारत ने कड़ी निंदा की थी। साथ ही युद्धविराम, सभी बंधकों की रिहाई और बातचीत-कूटनीति के जरिए संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया।

**पीएम ने न्यूयॉर्क में उठाया मुद्दा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर द्वारा इस मुद्दे को इजरायल के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री के समक्ष उठाया जा चुका है। भारत की स्थिति को विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों जैसे संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, एनएएम, वैश्विक दक्षिण की आवाज में दोहराया गया है। पीएम मोदी ने 22 सितंबर 2024 को न्यूयॉर्क में हुए भविष्य के शिखर सम्मेलन के दौरान फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से मुलाकात में युद्धविराम, बंधकों की रिहाई और दोनों पक्षों से बातचीत-कूटनीति के मार्ग पर लौटने की अपील भी की थी।

### टैरिफ संकट और बीटीए ...

में तनातनी के बीच दोनों देशों के मध्य बीते कुछ वक्त से हाईप्रोफाइल संवाद प्रक्रिया जारी है। अमेरिका के राजदूत गोर ने भी इसी जनवरी महीने की शुरुआत में भारत के राजदूत के रूप में अपना कार्यभार संभालने के तुरंत बाद कहा था कि वह अमेरिका के साझेदार के रूप में भारत को अत्यधिक महत्व देते हैं और दोनों देश व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं।

**अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे जयशंकर :** देश के कूटनीतिक हलकों में जयशंकर और सर्जियो गोर की इस मुलाकात की चर्चा इसलिए जोरों पर है। क्योंकि भारत के विदेश मंत्री अगले सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जा सकते हैं। जिसका उद्देश्य वाशिंगटन डीसी में अमेरिका की मेजबानी में 4 से 5 फरवरी तक जटिल खनिजों के विषय पर आयोजित की जाने वाली उच्च मंत्रिस्तरीय बैठक है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो इसकी अध्यक्षता करेंगे। बैठक से इतर भारत के विदेश मंत्री की अमेरिका के विदेश मंत्री के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी हो सकती है।

**मुलाकात पर जयशंकर, गोर की प्रतिक्रिया:** विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अमेरिकी राजदूत से हुई मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि हमारी बातचीत में दोनों देशों की साझेदारी के कई पहलुओं पर चर्चा की गई। मैंने, उनका स्वागत किया और यह विश्वास व्यक्त किया कि वह भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में योगदान देंगे। वहीं, सर्जियो गोर ने अपनी एक्स पोस्ट में बताया कि डॉ. जयशंकर के साथ समय बिताना हमेशा सुखद होता है। हमारी रक्षा, व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और साझा हितों की दिशा में काम करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा गोर ने अपनी पोस्ट को रोचक पंक्ति, आगे और भी बहुत कुछ जानने के लिए जुड़े रहें! के साथ समाप्त किया।

### भरोसेमंद सप्लाई चेन

समूह में शामिल होने की उम्मीद है। यह एक सुरक्षित अंतरराष्ट्रीय सेमीकंडक्टर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) श्रृंखला स्थापित करने के लिए अमेरिका की एक अहम पहल है।

### गणतंत्र दिवस समारोह में ...

हस्तशिल्प एवं लोक नृत्य) और केरल की (वाटर मेट्रो और 100% डिजिटल साक्षरता: आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर केरल) की झांकी को सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परेड में भाग लेने वाली सैन्य टुकड़ियों और झांकियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के बाद पुरस्कार हेतु उनका चयन करने के लिए तीन न्यायाधीशों के पैनल का गठन किया गया था। जिसके बाद ही यह परिणाम जारी किए गए हैं।

**मंत्रालयों की झांकी में छाया रहा वंदे मातरम :** वहीं, केंद्रीय मंत्रालय, विभागों की सर्वश्रेष्ठ झांकी के पुरस्कार से रक्षा राज्य मंत्री ने संस्कृति मंत्रालय को नवाजा। जिन्होंने अपनी झांकी को वंदे मातरम-राष्ट्र की अंतरात्मा की पुकार टैगलाइन के साथ बेहद अनोखे अंदाज में तैयार किया था। समारोह में कुछ विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। जिनमें केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) की झांकी वंदे मातरम-150 वर्ष पूरे होने का स्मरणोत्सव और वंदे मातरम-भारत की शाश्वत गूंज नृत्य समूह मुख्य हैं।

**जनता की लोकप्रिय पसंद :** वहीं, आम-जनता द्वारा अपनी पसंदीदा झांकी और परेड दस्ते के लिए मायगॉव पोर्टल पर आयोजित किए गए ऑनलाइन मतदान के आधार पर तैयार की गई लोकप्रिय पसंद श्रेणी के तहत भी समारोह में रक्षा राज्य मंत्री ने कुछ पुरस्कार वितरित किए। जिसमें तीनों सशस्त्र सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते के रूप में असम रेजिमेंट, सीएपीएफ व अन्य सहायक बलों में सीआरपीएफ मुख्य है। जबकि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों में गुजरात (स्वदेशी मंत्र-आत्मनिर्भरता-स्वतंत्रता: वंदे मातरम), उत्तर-प्रदेश (बुंदेलखंड की संस्कृति) और राजस्थान (मरुस्थल का स्वर्णिम स्पर्श: बीकानेर स्वर्ण कला (उस्ता कला) मुख्य हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की नागरिकों की पसंदीदा झांकी के रूप में सेठ ने विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: विकसित भारत के पथ पर भारतीय विद्यालय शिक्षा को गति प्रदान करना) झांकी को सम्मानित किया।

**विकसित भारत को लेकर प्रतिबद्ध सरकार :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने समारोह को संबोधित करते हुए सबसे पहले परेड के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को बधाई दी। साथ ही कहा कि 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर राष्ट्र के संकल्प की फिर से पुष्टि का प्रतीक है। उन्होंने पीएम की उस अपील को भी अपने संबोधन में दोहराया। जिसमें प्रधानमंत्री ने बीते दिनों राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैली में युवाओं से हर सप्ताह कम से कम एक घंटा स्वच्छता अभियान के लिए समर्पित करने और किसी चयन किए हुए स्थान पर उस संबंध में गतिविधि आयोजित करने का आग्रह किया था। पीएम ने स्वच्छता को समूचे देश की सामूहिक जिम्मेदारी बताया था।

### स्कूलों में 'मुफ्त' सैनेटरी

कमी के कारण बड़ी संख्या में लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस रुख के बाद अब स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन केवल एक सरकारी स्कीम या सुविधा नहीं रह गया है, बल्कि यह हर छात्रा का संवैधानिक हक बन गया है। अब राज्यों को इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

### कांग्रेस पार्टी का ...

एक इंटरव्यू में दिए बयान के बाद सामने आई है, जिसमें उन्होंने कहा था, 'जिन लोगों को हम अपनी पाठ्यपुस्तकों में विदेशी आक्रमणकारी बताते हैं—चाहे वे लोधी हों या गजनी, वे सभी हिन्दुस्तानी लुटेरे थे। वे बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक रूप से उन्हें विदेशी कहना सुविधाजनक हो सकता है, लेकिन वे विदेशी नहीं थे।'

**आक्रांताओं से अत्याचारों को छिपाने की कोशिश:** पूनावाला ने कहा, शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा नेता कहने के बाद अब कांग्रेस इकोसिस्टम और हामिद अंसारी महमूद गजनी का महिमामंडन कर रहे हैं। यह वही शासक था, जिसने भारत के सोमनाथ मंदिर को तबाह और अपवित्र किया था। पूनावाला ने कहा, 'कांग्रेस बार-बार मध्यकालीन इतिहास की व्याख्या मौजूदा राजनीतिक नैरेटिव के अनुरूप करने की कोशिश करती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी का इकोसिस्टम गजनी का गुणगान करता है, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करता है और औरंगजेब जैसे दुष्ट विदेशी आक्रांताओं की ओर से हिंदुओं पर किए गए अत्याचारों को छिपाने की कोशिश करता है।

### अंसारी की टिप्पणी ...

निशाना बनाया गया। बर्बर महमूद गजनी ने 11वीं शताब्दी में 17 बार भारत पर आक्रमण किया, मथुरा मंदिर को तबाह किया और सोमनाथ मंदिर के ज्योतिर्लिंग को तोड़ दिया। क्या नेहरू की कांग्रेस, जिसने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पुरजोर विरोध किया था, ऐसी क्रूरता को सामान्य ठहराने की इन टिप्पणियों से सहमत है, जिसका उद्देश्य हमारी सनातन संस्कृति की नींव को ही नष्ट करना था?

हरियाणा सरकार



किसानों की खेती को आधुनिक, आसान और किफायती बनाने के लिए - SMAM योजना

आधुनिक कृषि यंत्रों पर 40% से 50% तक का अनुदान

लाभार्थियों का चयन जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा किया जाएगा।

चयनित किसान विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत अपनी पसंद के निर्माता से मोलभाव करके कृषि यंत्र खरीद सकता है।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि
16 फरवरी, 2026

इच्छुक किसान एवं कृषि यंत्र निर्माता ऑनलाइन आवेदन करें
www.agriharyana.gov.in
अथवा
अधिक जानकारी के लिए
अपने जिले के उप-निदेशक कृषि या सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में संपर्क करें।

टोल-फ्री नंबर: 1800-180-2117

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा | www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# स्कूलों में बेटियों को मिले गरीमामय वातावरण

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की असली पहचान यह नहीं होती कि वह कितने कानून बनाता है, बल्कि यह होती है कि वे कानून आम नागरिक खासकर सबसे कमजोर वर्ग के जीवन में कितना बदलाव ला पाते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में लड़कियों को मुफ़्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं, लड़के-लड़कियों के अलग शौचालय हों और दिव्यांगों के अनुकूल टॉयलेट बनाए जाएं, इसी बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह फैसला केवल प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था बेटियों की बुनियादी ज़रूरतों को समझने में असफल रही है। स्कूलों में बेटियों को गरीमामय वातावरण दिया जाना जरूरी है। यदि किसी स्कूल में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 बराबरी के अधिकार का उल्लंघन है और यदि मासिक धर्म के दौरान उन्हें बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं नहीं मिलतीं, तो यह अनुच्छेद 21, यानी जीवन और गरिमा के अधिकार पर चोट है। मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन संसाधनों की कमी और सामाजिक चुप्पी ने इसे शर्म और बाधा का विषय बना दिया। यही वजह है कि आज भी लाखों लड़कियां पीरियड्स के दिनों में स्कूल छोड़ने को मजबूर होती हैं। सोशल वर्कर जया ठाकुर द्वारा दायर जनहित याचिका और पिछले चार वर्षों से चल रही सुनवाई इस सच्चाई को उजागर करती है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से नजरअंदाज की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश स्पष्ट करता है कि अब इसे केवल नीति या योजना कहकर टालने की गुंजाइश नहीं है। आज भी देश के कई हिस्सों में लड़कियां मासिक धर्म के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं, क्योंकि स्कूलों में न तो मुफ्त पैड उपलब्ध हैं और न ही इस्तेमाल किए गए पैड के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था। नतीजा यह होता है कि पढ़ाई प्रभावित होती है, आत्मविश्वास टूटता है और धीरे-धीरे स्कूल छोड़ने की नौबत आ जाती है। हाल के दिनों में 'पीरियड-शेमिंग' के खिलाफ जो गुस्सा सामने आया है, वह इसी दबे हुए दर्द का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की टिप्पणी इस सोच को उजागर करती है कि शैक्षणिक संस्थानों और कार्यस्थलों पर मासिक धर्म को लेकर जो व्यवहार होता है, वह एक परेशान करने वाली मानसिकता को दर्शाता है। यह सिर्फ लड़कियों की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता की परीक्षा है। यह आदेश केवल स्कूल प्रबंधन या सरकारी तंत्र के लिए नहीं है। यह उन कक्षाओं के लिए है, जहां कोई बच्ची मदद मांगने से झिझकती है। यह उन शिक्षकों के लिए है, जो सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में विवश हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो अक्सर चुप्पी साध लेते हैं, बिना यह समझे कि उनकी चुप्पी उनकी बेटी की शिक्षा पर कितना भारी पड़ सकती है। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा देना कोई एहसान नहीं, बल्कि एक संवैधानिक और मानवीय जिम्मेदारी है। अब जरूरत है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस आदेश को कागजों तक सीमित न रखा जाए। स्कूलों की मान्यता को इससे जोड़ना एक सख्त, लेकिन जरूरी कदम है। यह फैसला एक शुरुआत है उस बदलाव की, जहां शिक्षा के रास्ते में मासिक धर्म अब बाधा नहीं बनेगा, बल्कि समझ और संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया जाएगा।

## आरक्षण
शशि शेखर




# यूजीसी डैमेज कंट्रोल, पर असल नुकसान किसका

राजनीति में कुछ भी अनायास नहीं होता और कोई भी मुद्दा वर्षों बाद जाकर फलीभूत होता है। जैसे, लोकपाल का मुद्दा हो या विधायिका में महिला आरक्षण का मुद्दा। ऐसे में, यह कयास लगाना गलत नहीं होगा कि यूजीसी नियमों के बाद, अब एक और पुरानी मांग निजी क्षेत्र में आरक्षण जोर पकड़ेगा। वैसे तो सर्वोच्च अदालत ने यूजीसी नियमों के क्रियान्वयन पर फिलहाल रोक लगा दी है। लेकिन, इन नियमों के बाद अब यह कारवां निजी क्षेत्र में आरक्षण तक पहुंचेगा। तब किसका नुकसान ज्यादा होगा, किसका नुकसान कम और ऐसा क्यों और कैसे होगा, आइये, इस पर एक तथ्यात्मक दृष्टिकोण से नजर डालते है। सर्वप्रथम, यूजीसी के बाद क्या हो सकता है, इलेक्टोरल डेमोक्रेसी में वोटर्स के हेड काउंट किए जाते हैं। जाहिर है, कोइ भी राजनीतिक दल ज्यादा वोट पाना चाहता है तो वह किसे ज्यादा तरजीह देगा? इसी सोच ने यूजीसी के नए नियमों को भी जन्म दिया था। मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल के दौरान, यह पहला ऐसा मास्टर स्ट्रोक था कि या तो विपक्ष का मुंह बंद था या समर्थन में खुल रहे थे।

2016 में संसद में स्वर्गीय राम विलास पासवान ने बार एक मांग रखी थी कि "एक ऐसा क़ानून लेकर आएं, जिससे पिछड़ों, अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का लाभ मिल सके।" जाहिर है, तब उस मांग पर किसी का ध्यान न जाना था, न गया। लेकिन, 21 दिसंबर 2021, प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो का एक प्रेस रिलीज कहता है कि निजी क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए अफर्मेटिव एक्शन पर एक समन्वय समिति 2006 में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा बनाई गयी थी। अब तक समन्वय समिति की 9 बैठकें हो चुकी हैं। पहली समन्वय समिति की बैठक में, यह कहा गया कि अफर्मेटिव एक्शन के मुद्दे बेहतर परिणाम पाने का सबसे अच्छा तरीका इंडस्ट्री द्वारा स्वैच्छिक कार्रवाई ही है। इस रिलीज के मुताबिक़, निजी क्षेत्र में आरक्षण के संदर्भ में, उद्योग प्रतिनिधियों का मानना है कि आरक्षण कोई समाधान नहीं है, लेकिन वे हाशिये पर खड़े वर्ग, विशेषकर एससी और एसटी के लिए वर्तमान भर्ती नीति को विस्तारित करने में सरकार और एजेंसियों के साथ साझेदारी करने के इच्छुक हैं और साथ ही कौशल विकास और प्रशिक्षण को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा, शीर्ष उद्योग संघों ने समावेशन के लिए अपनी सदस्य कंपनियों के लिए स्वैच्छिक आचार संहिता (वीसीसी) भी तैयार की है। बहरहाल, अभी तक सरकार या निजी क्षेत्र ने सीधे प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण को स्वीकार तो नहीं किया है, लेकिन इस दिशा में बात आगे बढ़ती दिख रही है। 2016 में जो मांग राम विलास पासवान ने रखी थी, वो मांग खत्म नहीं हुई है और न ही उसे पूरी तरह नकारा गया है। बल्कि उस मांग पर धीरे-धीरे ही सही, लेकिन सकारात्मक रूख के साथ बात आगे बढ़ रही हैं। 2029 से पहले, मौजूदा केंद्र सरकार का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक शायद निजी क्षेत्र में आरक्षण हो सकता है! तब जो आज यूजीसी नियमों में ओबीसी शामिल किए हैं, क्या वे तब अपनी हिस्सेदारी नहीं चाहेंगे? हालांकि, कॉरपोरेट सेक्टर आसानी से आरक्षण स्वीकार कर लेगा, इसमें शंका है। वो भी एक साथ 50 फीसदी आरक्षण लागू करवा पाना शायद थोड़ा मुश्किल हो। फिर भी सरकार 5 फीसदी या 10 फीसदी से शुरुआत तो करवा ही सकती है। जो कायदे से पहले एसटी, फिर एससी को निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ मिलता, क्या यूजीसी नियमों में ओबीसी को शामिल किए जाने की वजह से ऐसा संभव हो पाएगा? क्या ओबीसी वर्ग के लोग यह दावा नहीं करेंगे कि उन्हें भी साथ ही में ये अवसर मिले। क्योंकि सरकार मान चुकी है कि भेदभाव तो ओबीसी के साथ भी होता आ रहा है, ठीक वैसे ही जैसे एससी/एसटी वर्ग के लोगों के साथ। केंद्र सरकार की नौकरियों में सालाना दर पर ओबीसी की हिस्सेदारी बढ़ी तो जरूर है, लेकिन यह महज कुछेक हजार के आसपास है। एक बहुत बड़ी आबादी यानी ओबीसी, दलितों की ऐसी है जिन्हें सरकारी नौकरियों में अकोमडेट कर पाना संभव नहीं दिख रहा है। जाहिर है कि निजी क्षेत्र आखिर आरक्षण से अछूता क्यों रहे, ऐसी मांग वर्षों से होती आ रही है और शायद अब उसके मुकम्मल हो जाने की भी संभावना बन जाए। फिर, संख्या जिसकी जितनी भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। ओबीसी आबादी सर्वाधिक है। राजनीतिक रूप से वे किसी भी दल के लिए अपरिहार्य है। अब, यूजीसी नियमों में एक ही दायरे में ओबीसी/एससी/एसटी वर्ग को शामिल किए जाने के बाद, निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ जब मिलेगा, तब किसे भले ही अल्पकालिक लेकिन महत्वपूर्ण नुकसान होगा, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दृष्टिकोण
पीयूष गोयल

# भविष्य का रोडमैप है भारत-ईयू एफटीए

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा, जो मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा। विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझेदारों के रूप में स्थापित करता है। भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी। इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तिकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी। यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत




करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं, जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। इससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का केंद्र है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं। मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे। मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ॐ' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ॐ' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थो के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा है



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### काबिल भारतीयों को देश निकाला

बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बाहर निकालने की बातें करते-करते इस देश ने कब अपने ही सवर्ण समाज को देश से भगाने की नीति बना ली, इसका जवाब कौन देगा? आरक्षण के नाम पर योग्यता का खुलेआम कत्ल हुआ, और मेहनती, काबिल सवर्ण युवाओं को भारत में दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया। आज सच्चाई यह है कि भारत अपने सबसे तेज दिमागों को खुद धकेल-धकेल कर यूएसए, यूके और यूरोप भेज रहा है। जिस प्रतिभा पर भारत को खड़ा होना था, वही प्रतिभा आज विदेशों की कंपनियों, लैब्स और यूनिवर्सिटीज की रीढ़ बन चुकी है।यह ब्रेन ड्रेन नहीं बल्कि ब्रेन एक्साइल है। अगर यही चलता रहा, तो आने वाली पीढ़ियां इतिहास में पढ़ेंगी कि भारत को किसी विदेशी ताकत ने कमजोर नहीं किया, भारत ने खुद अपनी सबसे काबिल संतानों को देश से बाहर निकाल दिया। - **प्रदीप देशपांडे**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# अमेरिका भारत को 3 प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा


अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्त्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की 'शिव नटराज', चोल काल (12वीं शताब्दी) की 'सोमस्कंद' और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की 'संत सुंदरार विद परवई' हैं। ये मूर्तियां 'दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं', जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभायात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि 'शिव नटराज' प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।



## ऑफ बीट


# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम

जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स – कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।



## ट्रेंड

### बापू को नमन



महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। पूज्य बापू ने स्वदेशी, स्वाधीनता व स्वच्छता को एक सूत्र में बांधकर गौरवशाली भारत की कल्पना करने वाले महात्मा गाँधी के विचार हमें प्रेरित करते रहेंगे।
- **अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### प्रेम-सुंदर सम्मान



दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र के बच्चों को 'प्रेम-सुंदर सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह योजना इसी साल के दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट से लागू होगी। मेरी अनंत शुभकामनाएं और आशीर्वाद।
-**शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### सूचना का अधिकार



आर्थिक सर्वेक्षण में सूचना के अधिकार अधिनियम की "पुनर्मूल्यांकन" की मांग की गई है। मोदी सरकार ने सूचना के अधिकार अधिनियम को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### सोशल मीडिया



बच्चे खाना खाते समय सोशल मीडिया स्क्रॉल कर रहे हैं, माता-पिता अनजान बने हुए हैं, यह हमारा भविष्य नहीं हो सकता। 16 से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना समय की मांग है।
- **सोनू सूद, फिल्म अभिनेता**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सैनी ने युवाओं से किया संवाद, नीति और अवसरों पर हुई सार्थक चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को उनके आवास संत कबीर कुटीर पर आए पंजाब के युवाओं से संवाद करते हुए शासन, नीति और रोजगार से जुड़े अवसरों पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने सुशासन और मेरिट आधारित मॉडल को विकास का आधार बताते हुए पारदर्शी रोजगार नीति पर जोर दिया, ताकि युवाओं को निष्पक्ष अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कौशल विकास को भविष्य की जरूरत बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

सैनी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास जीतना आसान नहीं होता और उसे बनाए रखना उससे भी अधिक चुनौतीपूर्ण कार्य है। केंद्र और हरियाणा में डबल इंजन सरकार का तीसरा कार्यकाल इस बात का प्रमाण है कि विशेष रूप से युवाओं ने सरकार की नीतियों पर भरोसा जताया है। सरकार ने प्रारंभ से ही यह सुनिश्चित किया कि युवाओं की प्रतिभा को सम्मान मिले और उन्हें समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब केवल पड़ोसी राज्य नहीं हैं, बल्कि एक ही संस्कृति, परंपरा और विरासत की दो सशक्त धाराएं हैं। सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 'बिना खर्ची–बिना पर्ची' की नीति को सख्ती से लागू करते हुए योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। बीते वर्षों में बड़े पैमाने पर की गई भर्तियों से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और भरोसे की राजनीति को मजबूती मिली है। सैनी ने पंजाब के युवाओं को आश्वस्त किया कि वे कभी भी उनसे मिल सकते हैं और हरियाणा सरकार युवाओं के हितों के लिए हर संभव कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प 2047 तक विकसित भारत बनाने का है और इस लक्ष्य को साकार करने में देश का युवा वर्ग सबसे बड़ी शक्ति है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व की शीर्ष आर्थिक शक्तियों में शामिल हुआ है और अब तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज़ादी के बाद पहली बार देश को ऐसा नेतृत्व मिला है। सैनी ने कहा कि नशे के खिलाफ हरियाणा सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना से लेकर नशे की लत से ग्रसित युवाओं के इलाज तक, सरकार हर स्तर पर निरंतर प्रयास कर रही है। नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए साइक्लोथॉन और मैराथन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें 20 से 25,000 युवा भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन थाना क्षेत्रों में नशे की गतिविधियां अधिक पाई जाती हैं, वहां संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

## उपराष्ट्रपति को मेले का 'न्योता'



**नई दिल्ली।** हरियाणा के पर्यटन व विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन जी से नई दिल्ली में मुलाकात करते हुए '39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव 2026' में मुख्यातिथि के तौर पर पधारने का औपचारिक न्यौता दिया। इस दौरान सूरजकुंड मेले के निरंतर आयाम छूने व प्रतिवर्ष इसके बढ़ते आकर्षण व छटा पर चर्चा की।

### कर्नाटक में कांग्रेस का शासन मॉडल भ्रष्टाचार और घोटालों पर टिका: भाजपा

# तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में राजनीतिक स्वार्थ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता किया: त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के शासन मॉडल की आलोचना करते हुए कहा कि जहां भाजपा सरकारें विकास, पारदर्शिता और समाज कल्याण पर केंद्रित रही हैं, वहीं कांग्रेस जहां भी सत्ता में आई, वहां भ्रष्टाचार, शराब और जुआ जैसे घोटालों और सत्ता संघर्षों का माहौल देखने को मिलता है। कर्नाटक में 6000 करोड़ के शराब घोटाले, ऑनलाइन सट्टेबाजी और दलित कल्याण योजनाओं में घोटाले इसका उदाहरण है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पर भी आरोप लगाया कि बंगाल में राजनीतिक स्वार्थ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता किया गया। भाजपा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता आगामी चुनावों में भाजपा को निर्णायक जनादेश देगी।



## टीएमसी ने कोलकाता हाई कोर्ट का आदेश नहीं माना

त्रिवेदी ने कहा कि हाल ही में कोलकाता उच्च न्यायालय ने बंगाल सरकार को एक कड़ा निर्देश दिया है कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा फेंसिंग के कार्य के लिए, जहां बंगाल के लगभग नौ जिले आते हैं, वहां भूमि आबंटन की प्रक्रिया को तत्काल पूरा किया जाए और 31 मार्च तक इसे सुनिश्चित किया जाए। यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन एक अत्यंत दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण और विचलित करने वाला प्रश्न भी खड़ा करता है। यह दर्शाता है कि बंगाल में देश की सीमाओं की सुरक्षा को दांव पर लगाकर, घुसपैठियों के वोट के लालच में और राजनीतिक स्वार्थ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता किया गया।

## कर्नाटक में 6000 करोड़ का शराब घोटाला

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कर्नाटक भारत का एक अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है, जिसमें अपार संभावनाएं निहित हैं, परंतु दुर्भाग्य से पिछली बार जब कांग्रेस के हाथों में शासन आया, तो राज्य की दिशा और दशा पर गंभीर प्रश्न खड़े होने लगे। हाल ही में यह समाचार सामने आया है कि कर्नाटक की वाइन मर्चेंट एसोसिएशन, अर्थात शराब के व्यापारियों की संस्था ने कांग्रेस सरकार पर 6000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले का आरोप लगाया है। यह आरोप भारतीय जनता पार्टी या किसी विपक्षी दल द्वारा नहीं, बल्कि स्वयं उस भ्रष्टाचार के भुक्तभोगियों द्वारा लगाया गया है। कर्नाटक वाइन मर्चेंट एसोसिएशन ने विस्तार से बताया है कि किस प्रकार रेस्टोरेंट से लेकर होटलों तक के अलॉटमेंट में, सरकार के विभिन्न स्तरों पर बैठे मंत्रियों और अन्य लोगों तक व्यवस्थित रूप से भ्रष्टाचार का पैसा पहुंचता था।

## कांग्रेस विधायक पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप

दिल्ली का शराब घोटाला तो देश की जनता को याद ही होगा, अब उसी तरह का एक नया स्वरूप कर्नाटक के शराब घोटाले के रूप में सामने आया है। शराब की लत अत्यंत घातक होती है और यदि शराब के बाद किसी दूसरी लत को सबसे अधिक नुकसानदेह माना जाता है, तो वह जुए की लत है। कर्नाटक में चित्रदुर्ग से कांग्रेस के विधायक के.सी. वीरेंद्र पप्पी पर ऑनलाइन सट्टेबाजी के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं और वे पहले भी इस प्रकरण में गिरफ्तार हो चुके हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार पहले भी दलित समाज के लिए स्थापित वाल्मिकी योजना की राशि में भ्रष्टाचार के मामलों में सामने आ चुकी है, मूडा स्कैम में जमीन से जुड़े घोटालों में भी उसकी भूमिका उजागर हो चुकी है। अब शराब और जुए से जुड़े इन मामलों में कांग्रेस सरकार के खिलाफ गंभीर आरोप सामने आना, कर्नाटक में उसके शासन पर गहरे और चिंताजनक सवाल खड़े करता है।

### महाराष्ट्र की राजनीति में 'बड़ा संकट'

# फडणवीस से एनसीपी ने अजित के विभागों पर पेश किया दावा

अजित पवार के पद को जल्द भरना जरूरी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस मुलाकात में पार्टी नेताओं ने पवार के पास रहे विभागों पर अपना दावा पेश किया। बताया जा रहा है कि एनसीपी के सीनियर नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और छगन भुजबल फडणवीस के 'वर्षा' बंगले पहुंचे और सीएम से मुलाकात की। बैठक के बाद पटेल ने कहा कि हम महायुति गठबंधन के साझेदार हैं, इसलिए अजित के पद को जल्द से जल्द भरने के लिए सही निर्णय लेना जरूरी है। हमें जन भावना पर विचार करना होगा। परिवार को इस दुख से उबरने के लिए समय देना आवश्यक है। हम जल्द ही सुनेत्रा पवार और परिवार के साथ पार्टी के भविष्य की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

## सुनेत्रा के नेता बनने की अटकलें तेज

अजित के निधन के बाद एनसीपी के नए नेता को लेकर अटकलों का दौर जारी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सुनेत्रा पवार को अजित पवार की जगह महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। एनसीपी के नेता इस मामले में साफ तौर पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं और वह सुनेत्रा को समय देने की बात कह रहे हैं। एनसीपी नेताओं का कहना है कि उनसे बात करने के बाद ही इस मामले में फैसला लिया जाएगा। विधायकों की बैठक शनिवार को होगी।



# ट्रंप ने केविन वार्श को फेड का अगला चेयरमैन बनाने की घोषणा की

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

- मौजूदा चेयरमैन पावेल का कार्यकाल मई में समाप्त होने वाला है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को फेडरल रिजर्व के पूर्व गवर्नर केविन वार्श को अमेरिकी केंद्रीय बैंक का अगला चेयरमैन नामित करने की घोषणा की। अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से इस नामांकन की मंजूरी मिल जाने की स्थिति में 55 वर्षीय वार्श अपना पद संभाल लेंगे।

मौजूदा चेयरमैन जेरोम पावेल का कार्यकाल मई में समाप्त होने वाला है। वार्श इसके पहले भी फेडरल रिजर्व से जुड़े रह चुके हैं। वह 2006 से 2011 तक फेड रिजर्व के शासकीय मंडल में शामिल थे और 35 वर्ष की उम्र में इस पद पर नियुक्त होने वाले सबसे युवा गवर्नर बने थे।

## अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से नामांकन को मंजूरी मिलनी बाकी

### सरकारी कर्ज पर ब्याज के बोझ में आएगी कमी

अमेरिकी राष्ट्रपति का मानना है कि ब्याज दरें कम होने से आर्थिक वृद्धि रफ्तार पकड़ेगी और 38 लाख करोड़ डॉलर के सरकारी कर्ज पर ब्याज के बोझ में कमी आएगी। हालांकि, वार्श की परंपरागत छवि एक 'हॉक' यानी मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए अपेक्षाकृत ऊंची ब्याज दरों का समर्थन करने वाले विशेषज्ञ की रही है। उन्होंने 2008-09 की वैश्विक वित्तीय मंदी के दौरान अत्यधिक ढीली मौद्रिक नीति पर भी आपत्ति जताई थी।



### लंबे समय से ब्याज दरों में कटौती की वकालत

विश्लेषकों के मुताबिक, वार्श की नियुक्ति फेडरल रिजर्व की नीतिगत स्वतंत्रता को लेकर बहस को तेज कर सकती है। ट्रंप लंबे समय से ब्याज दरों में तेज कटौती की वकालत करते रहे हैं और इस बात पर उन्होंने मौजूदा चेयरमैन पावेल की सार्वजनिक रूप से आलोचना भी की है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा प्रभाव

फेड चेयरमैन का पद आर्थिक जगत में वैश्विक स्तर पर सबसे प्रभावशाली पदों में से एक माना जाता है। फेड की नीतियां अमेरिका में मुद्रास्फीति, रोजगार, बैंकिंग नियमन और कर्ज की लागत को प्रभावित करती हैं और इनका परोक्ष प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिलता है।

### वार्श दक्षिणपंथी रुझान वाले

वार्श इस समय दक्षिणपंथी रुझान वाले हूवर इंस्टिट्यूशन में फेलो हैं और स्टैनफोर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाते हैं। फिलहाल वार्श को फेडरल रिजर्व के शासकीय मंडल में शामिल किया जाएगा और सीनेट की मंजूरी मिलने के बाद ट्रंप मई में उन्हें केंद्रीय बैंक के चेयरमैन पद पर पदोन्नत कर देंगे।

### कम ब्याज दरों के समर्थन का दिया संकेत

हाल के वर्षों में वार्श ने अपने भाषणों और लेखों में कम ब्याज दरों के समर्थन के संकेत दिए हैं। जनवरी 2025 में 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' में प्रकाशित एक लेख में उन्होंने कहा था कि विनियमन में ढील और सरकारी खर्च में कटौती से मुद्रास्फीति का दबाव घटेगा, जिससे फेड रिजर्व को दरों में कटौती का अवसर मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### नालको का लाभ 2 फीसदी बढ़कर 1,595 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नालको का 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान एकीकृत लाभ 1.8 प्रतिशत बढ़कर 1,595.15 करोड़ रुपये रहा है। राजस्व में वृद्धि के चलते कंपनी के मुनाफे में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नालको ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

### एनआईआईटी के लाभ में 70 फीसदी की गिरावट




**नई दिल्ली।** कौशल और प्रतिभा विकास कंपनी एनआईआईटी का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 70.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3.9 करोड़ रुपये रहा है। गिरावट का मुख्य कारण नए श्रम कानूनों के कार्यान्वयन से जुड़ी लागत रही। एनआईआईटी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 13.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 8 अरब डॉलर की वृद्धि



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.36 अरब डॉलर रहा था। मुद्रा भंडार सितंबर, 2024 में 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था, लेकिन हाल के दिनों में इस पर दबाव देखा गया।

### एक नए कंट्री पार्टनरशिर फ्रेमवर्क (सीपीएफ) की घोषणा की गई

# विश्व बैंक ने भारत में अगले 5 साल में 8 से 10 अरब डॉलर वित्तपोषण की जताई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व बैंक समूह और भारत ने शुक्रवार को एक नए 'कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' (सीपीएफ) की घोषणा की। इसके तहत अगले पांच साल में सालाना आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत की वृद्धि के अगले चरण को गति देना और एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के उसके दृष्टिकोण को साकार करना है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने विश्व बैंक समूह के साथ इस नए सीपीएफ का स्वागत किया, जो भारत के 'विकसित भारत' दृष्टिकोण के अनुरूप है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा के नेतृत्व में आए दल से मुलाकात के बाद कहा कि सीपीएफ का उद्देश्य सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी भारत में अधिक रोजगार सृजित करना और विश्व बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना है।

### विकसित भारत के समर्थन में विश्व बैंक

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि दोनों ने भारत के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण 'विकसित भारत' के समर्थन में भारत-विश्व बैंक सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, /"सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिक रोजगार सृजित करना और बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना गति और पैमाना दोनों स्तरों पर सतत प्रभाव सुनिश्चित करेगा।/




- वित्त मंत्री सीतारमण ने सीपीएफ का किया स्वागत
- विकसित अर्थव्यवस्था बनने के दृष्टिकोष को साकार करना है
- सीपीएफ का उद्देश्य सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी से मिलाकर विकास करना

*रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई : यह नई रणनीतिक साझेदारी भारत और विश्व बैंक समूह के बीच एक वर्ष के सहयोग का परिणाम है। युवाओं और महिलाओं को हुनरमंद बनाने, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए बाधाओं को कम करने और अवसरों का विस्तार करने के माध्यम से निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है।*

### श्रम बाजार में प्रति वर्ष 1.2 करोड़ युवा प्रवेश कर रहे

इसमें कहा गया है कि इस नई साझेदारी के केंद्र में निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन है। भारत के श्रम बाजार में प्रति वर्ष लगभग 1.2 करोड़ युवा प्रवेश कर रहे हैं, इसलिए रोजगार से समृद्ध क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ावा देना देश की वृद्धि के अगले चरण के लिए प्राथमिकता है।

### बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र से पूंजी जुटाई जाएगी

वित्त मंत्री ने विकास साझेदारी के महत्व पर जोर दिया जो वित्तपोषण से परे जाकर ज्ञान साझा करने, तकनीकी सहायता और वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के आदान-प्रदान को भी शामिल करती है। विश्व बैंक ने बयान में कहा कि भारत-विश्व बैंक समूह के बीच नई रणनीतिक साझेदारी देश में इस वैश्विक रोजगार रणनीति को लागू करती है और अगले पांच वर्षों में प्रतिवर्ष आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण के साथ इसका समर्थन करती है रोजगार सृजित किया जा सके और बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र की पूंजी जुटाई जा सके।

### भारत वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन

विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, /"भारत आज वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन में से एक है। हमारी रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के रास्ते पर भारत को और भी तेजी से आगे बढ़ने में मदद करना है। उन्होंने कहा, /"अधिक रोजगार सृजन करना हमारे काम का मूल है। यह साझेदारी वित्तपोषण, सुधारों और निजी क्षेत्र के निवेश को एक साथ लाती है ताकि वृद्धि को लाखों भारतीयों के लिए अवसरों में बदला जा सके।/"

# हाइबिड संस्कृति से फर्जी डिग्री को लेकर नियोक्ताओं की चिंता बढ़ी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

- केवल एक बार होने वाली जांच अब काफी नहीं
- ऑनलाइन तरीके से होने वाली भर्तियों से बढ़ी चिंता

कार्यालय और घर दोनों जगह से काम करने (हाइब्रिड) की संस्कृति और अलग-अलग शहरों से हो रही भर्तियों के कारण, कर्मचारियों के ब्योरे की केवल एक बार होने वाली जांच अब काफी नहीं लग रही है।शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 74 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने फर्जी डिग्री और जाली दस्तावेजों को अपनी सबसे बड़ी चिंता बताया है। कार्यबल और मानव संसाधन (एचआर) समाधान प्रदाता कंपनी 'जीनियस एचआरटेक' की रिपोर्ट के अनुसार, अब जब कंपनियां दूरदराज के इलाकों से बड़े पैमाने पर भर्तियां कर रही हैं और घर से काम करने का मॉडल (हाइब्रिड) सामान्य हो गया है, तो कर्मचारी की केवल एक बार की जाने वाली शुरुआती जांच अब काफी नहीं मानी जा रही है।74 प्रतिशत से अधिक लोगों ने फर्जी डिग्री या जाली दस्तावेजों को सबसे बड़ा खतरा माना है। यह चिंता अन्य जोखिमों, जैसे कि कर्मचारियों के व्यवहार का विश्लेषण, अस्थायी तौर पर काम करने वाले (गिग वर्कफोर्स) की जांच या एक साथ दो जगह काम करने (मूनलाइटिंग) की तुलना में कहीं ज्यादा बड़ी है।/" जीनियस एचआरटेक की यह रिपोर्ट दिसंबर, 2025 में 1,316 पेशेवरों से प्राप्त जानकारी पर आधारित है। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि सामग्री सृजित करने वाली कृत्रिम मेधा (जेनरेटिव एआई) में प्रगति के साथ पहचान संबंधी धोखाधड़ी की चिंताएं बढ़ रही हैं। लगभग 77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे डीपफेक के जरिये होने वाली पहचान की धोखाधड़ी या एआई द्वारा तैयार किए गए बायोडाटा और दस्तावेजों को लेकर बेहद चिंतित हैं इस बीच, दूसरे देशों से होने वाली नियुक्तियां अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। लगभग आधे (49 प्रतिशत) लोगों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर्मचारियों की जांच में 'कानून और नियामकीय अनुपालन' को सबसे बड़ी बाधा बताया। इसके बाद 32 प्रतिशत लोगों ने 'डेटा को देश के भीतर ही रखने' (डेटालोकलाइजेशन) की अनिवार्यता को मुख्य चुनौती माना।

### जांच प्रणालियों में निवेश बढ़ाना होगा

जीनियस एचआरटेक के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आर पी यादव ने कहा, /"कर्मचारियों की जांच अब केवल मानव संसाधन विभाग का एक सामान्य काम नहीं रह गया है, बल्कि यह कंपनियों के लिए जोखिम प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। जैसे-जैसे नियुक्तियां डिजिटल और वैश्विक हो रही हैं, संगठनों को सुरक्षित और आधुनिक तकनीक आधारित जांच प्रणालियों में निवेश करना चाहिए, ताकि नियोक्ता और कर्मचारी दोनों के हितों की रक्षा हो सके।"

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## हावड़ा-कामाख्या-हावड़ा वंदेभारत स्लीपर एक्सप्रेस को यात्रियों का जबरदस्त रिस्पॉन्स



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री द्वारा 17 जनवरी को शुरू की गई हावड़ा-कामाख्या-हावड़ा वंदेभारत स्लीपर एक्सप्रेस को यात्रियों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है, जो इसकी मजबूत पर्यटन और लंबी दूरी की यात्रा की क्षमता को दिखाता है। वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का नियमित कमर्शियल संचालन हावड़ा स्टेशन से 23 जनवरी से और कामाख्या स्टेशन से 22 जनवरी से शुरू हुआ, जिससे दक्षिण बंगाल से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र तक प्रीमियम रात भर की रेल यात्रा के एक नए युग की शुरुआत की।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी सेंसेक्स 297 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक की गिरावट आई, जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी और अन्य जिंस शेयरों में बिकवाली दबाव के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। हालांकि, कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेज गिरावट पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,424 में तेजी रही जबकि 1,783 में गिरावट आई जबकि 160 के भाव में बदलाव नहीं आया। निफ्टी 98.25 अंक की गिरावट के साथ 25,320.65 अंक पर बंद हुआ।

## वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में मजबूत वृद्धि रही : गोयल



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद इस साल 21 जनवरी तक देश से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, मंत्री ने इससे संबंधित आंकड़ों का खुलासा नहीं किया। ग्रेटर नोएडा में 'आईसीएआई वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, ''भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात इस साल 21 जनवरी तक लगातार बढ़ रहा है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ता के बल पर हम अपने ही रिकॉर्ड तोड़ना जारी रखेंगे और जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में देश का वस्तु निर्यात 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान आयात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 63.55 अरब डॉलर पर पहुंच गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान देश का वस्तु निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर रहा। निर्यात 850 अरब डॉलर के पार जा सकता है वाणिज्य मंत्रालय को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 850 अरब डॉलर के पार निकल सकता है, जो 2024-25 में 825 अरब डॉलर रहा था।

## तथागत ग्लोबल गुरुकुलम का विधिवत भूमि पूजन संपन्न



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के साहित्य अकादेमी सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में केरल के वरिष्ठ हिन्दी साहित्यकार ए. अरविंदाक्षन और अरुणाचल प्रदेश की युवा कवयित्री जमुना बीनी को 'तथागत साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाकवि निराला की सरस्वती वंदना पर आधारित कथक प्रस्तुति से हुआ। तथागत ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. एन. पी. सिंह (पूर्व आईएएस) ने ट्रस्ट की परिकल्पना, सामाजिक-शैक्षणिक कार्यों और उत्तर-दक्षिण भारत के बीच भाषा-संस्कृति संवाद के लक्ष्य को रेखांकित किया। यह सम्मान प्रख्यात साहित्यकार रामदरश मिश्र की स्मृति में प्रदान किया गया। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकारों अनामिका, ओम निश्चल, अशोक वाजपेयी, चंद्रकांता सहित अनेक विद्वानों ने दोनों रचनाकारों के साहित्यिक योगदान पर विचार साझा किए। ए. अरविंदाक्षन की कृति 'धड़कनों के भीतर जाकर' और जमुना बीनी के संग्रह 'जब आदिवासी गाता है' के माध्यम से भाषाई संवेदनाओं, आदिवासी चेतना और मानवीय मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति सामने आई। यह आयोजन न केवल हिन्दी साहित्य, बल्कि समूचे भारतीय साहित्य में संवाद, संवेदना और मानवीयता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। जिले के वनवासी क्षेत्र भेजा जंगली में तथागत ग्लोबल गुरूकुलम की होगी स्थापना , हुआ भूमिपूजन, उच्च स्तरीय शिक्षा गांव के बच्चों को यहाँ निशुल्क मिलेगी। भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड आईएएस एन. पी. सिंह तथा अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जी. आर. राणा की उपस्थिति में बालोद जिले के गुरूर विकासखंड अंतर्गत सुदूर आदिवासी ग्राम भेजा जंगली में तथागत ग्लोबल गुरुकुलम का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह आयोजन जनजातीय विकास के उद्देश्य से जकवार फाउंडेशन और तथागत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिवासी ग्रामीण शामिल हुए।भूमि पूजन से पूर्व राजा राव बाबा और कंकालीन माता की पूजा-अर्चना की गई।

**छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय**

क्रमांक 826/ छगविस/ सम्मे-C-205 (F)/2026 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 28/01/2026

-:: ट्रेवल ट्रॉली बैग' क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना ::-

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, के उपयोगार्थ उच्च गुणवत्तायुक्त एवं देश में प्रतिष्ठित व प्रचलित विशिष्ट ब्राण्ड के उत्पादकों एवं प्राधिकृत विक्रेताओं से मध्यम आकार के लगभग 110 नग ट्रॉली ट्रेवल्स बैग एवं 400 सेट ट्रॉली बैग (3 का सेट, जिसमें एक बड़े बैग में मध्यम एवं मध्यम के भीतर ही छोटे साईज का बैग हो) क्रय हेतु मंगलवार, दिनांक 03 मार्च 2026 तक दर प्रस्ताव, नमूने सहित आमंत्रित हैं ।

निविदा की अन्य शर्तें एवं दर प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक प्रपत्र आदि छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर के 'सम्मेलन शाखा' (ए-23) से राशि रूपये 1,000.00 (अक्षरी एक हजार रूपये मात्र) भुगतान कर प्राप्त किया जा सकेगा अथवा विधान सभा की वेबसाईट www.cgvidhansabha.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है, किन्तु ऐसी स्थिति में दर प्रस्ताव जमा किये जाने से पूर्व रूपये 1000.00 का भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा ।

सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6124




**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

**शब्द पहेली- 6123 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प | रा | या | प | न | | म | च | ल | ना |
| सां | ग | | च | | का | ली | न | | त | ट |
| व | | त | क | रा | र | | का | ल | | की |
| ला | चा | र | | | दे | श | | त | न | य |
| प | | ती | | पा | ना | | गा | | क | |
| न | क | ब | ज | न | | चा | ल | च | ल | न |
| | हा | | मा | | च | र | | ह | | म |
| म | र | ना | | द | म | | | क | स | क |
| र | | श | क | | क | रा | ह | ना | | या |
| दू | ब | | ल | बा | दा | | रा | | या | त्रा |
| द | या | क | र | | र | च | ना | का | र | |



# सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर नजर

## पांचवां टी-20: भारत-न्यूजीलैंड के बीच आज शाम 7 बजे से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी20 विश्व कप से पहले शनिवार को जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी।

### ईशान के रूप में सैमसन का मजबूत विकल्प

ईशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। उन्होंने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अज्ञात चोट के कारण पिछले मैच से बाहर बैठना पड़ा था। ऑलराउंडर अक्षर भी नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे मैच से पहले नेट पर गेंदबाजी की थी।



# गुजरात जाइंट्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर एलिमिनेटर में जगह बनाई

भाषा ▶▶| वडोदरा



मुंबई को इतिहास में पहली बार हराया, गुजरात ने 11 रन से मैच जीता

कप्तान एशले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहैम के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर गुजरात जाइंट्स ने हरमनप्रीत कौर की 82 रन की आक्रामक पारी को बेनूर करते हुए गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस को 11 रन से हराकर महिला प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में प्रवेश कर लिया। गार्डनर ने 28 गेंद में 46 और वेयरहैम ने 26 गेंद में 44 रन बनाये थे। दोनों के बीच 71 रन की अहम साझेदारी के दम पर गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 167 रन बनाये। जवाब में मुंबई की टीम सात विकेट पर 156 रन ही बना सकी। कप्तान हरमनप्रीत ने अकेले किला लड़ाने की कोशिश करते हुए 48 गेंद में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 82 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। यह लगातार आठ हार के बाद मुंबई इंडियंस पर गुजरात की पहली जीत है। मुंबई के भविष्य का फैसला अब रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वारियर्स के मैच के बाद होगा।

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश : क्वार्टर फाइनल में चोटरानी और अनाहत

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोटरानी ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी बैपटिस्ट मासोटी को हराकर वाशिंगटन में चल रहे स्क्वाश ऑन फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन उनके हमवतन वेलवन सेंथिलकुमार मैक्सिको के दूसरी वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से हार गए। विश्व में 49वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी को 11-6, 7-11, 8-11, 11-1, 11-9 से हराया। इस पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड के छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेक्लान जेम्स से होगा। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने दूसरे दौर में दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड को 11-5, 11-8, 12-14, 11-5 से हराया। वह क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त सना इब्राहिम से भिड़ेंगी।

### भुवनेश्वर में आज से अस्मिता रग्बी लीग



**भुवनेश्वर।** भारत के 24 टीमों के 300 से अधिक खिलाड़ी शनिवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय अस्मिता रग्बी महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की 'अस्मिता' पहल के तहत आयोजित किया जा रहा है, जो महिला खेलों के लिए 'खेलो इंडिया' योजना का एक प्रमुख कार्यक्रम है। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ, ओडिशा सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग (डीएसवाईएस) और ओडिशा रग्बी फुटबॉल संघ के सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसका लक्ष्य भारत में महिला रग्बी को बढ़ावा देना है। साइ ने कहा कि इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 24 टीमें भाग लेंगी, जिनमें 336 खिलाड़ी और टीम अधिकारी शामिल हैं। इससे यह देश में आयोजित होने वाले सबसे बड़ा महिला रग्बी टूर्नामेंट में से एक बन गया है।

### अभिषेक को दबाव में रखना हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण

**तिरुवनंतपुरम।** अभिषेक शर्मा भले ही दुनिया भर के गेंदबाजों के लिए बुरे सपने की तरह हों, लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के पास इस भारतीय सलामी



बल्लेबाज के लिए एक सरल रणनीति है, लगातार सटीक गेंदबाजी करके उन्हें दबाव में रखना। विशाखापत्तनम में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हेनरी ने अभिषेक को गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) कर दिया था, जिससे कीवी टीम को यह मैच 50 रन से जीतने में मदद मिली थी। हेनरी ने कहा, 'पिछले दो वर्षों से वह शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना कर रहे हैं।


## ऑस्ट्रेलियन ओपन: चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने कार्लोस

# अल्काराज ने पहली बार फाइनल में बनाई जगह, 5 सेटों में एलेक्जेंडर को हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई।

इस तरह से 22 साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अब उनका लक्ष्य करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना होगा। अल्काराज को पांव में ऐंठन और खिंचाव के कारण पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह पांच घंटे 27 मिनट में 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे।



### दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला

चौथे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला लेकिन ज्वेरेव टाइब्रेकर में फिर से कामयाब रहे और इस तरह से उन्होंने मैच को बराबरी पर ला दिया। चार घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद मैच पांचवें सेट में पहुंचा। अल्काराज ने पांचवें सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। इस सेट के छठे गेम में रोमांच तब चरम पर पहुंच गया जब अल्काराज ने ड्रॉप शॉट को लेने के लिए दौड़ लगाई और पूरी गति से स्लाइड करते हुए फोरहैंड विनर शॉट लगाया। इससे दर्शक खुशी से झूम उठे। अल्काराज ने आखिर में पांचवें सेट में 5-4 पर ज्वेरेव की सर्विस तोड़ी और फिर पहले मैच प्वाइंट को भुनाकर फाइनल में प्रवेश किया।

### फाइनल में मुकाबला जोकोविच से

स्पेन के खिलाड़ी अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे लेकिन अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया। अल्काराज का फाइनल में मुकाबला 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच से होगा, जो 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं।

### तीसरे सेट में लंगड़ाने लगे अल्काराज

अल्काराज ने जिस तरह से शुरुआत की थी उससे लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे लेकिन तीसरे सेट के नौवें गेम में वह लंगड़ाने लगे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में कोई समस्या है। जब अपने प्रतिद्वंद्वी को इलाज के लिए तीन मिनट का ब्रेक दिया गया, तो ज़्वेरेव स्पष्ट रूप से परेशान दिखे। तब तीसरी वरीयता प्राप्त यह खिलाड़ी टूर्नामेंट के एक अधिकारी से बात कर रहा था। अल्काराज ने इसके बाद 6-5 से बढ़त बना दी, जिसके बाद उन्हें फिर से अपने पांव की मालिश करवानी पड़ी। ज्वेरेव हालांकि इस सेट को टाइब्रेकर तक खींचने में सफल रहे, जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की।

# फुल्टोन ने मनप्रीत का बचाव करते हुए इस्तीफा देने की धमकी दी

## हॉकी इंडिया ने लिया आखिरी फैसला

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

कोच क्रेग फुल्टोन ने अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस फैसले के बाद फुल्टोन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए। विश्वसनीय सूत्र से पता चला है कि फुल्टोन ने राउरकेला में एक से सात फरवरी तक 33 कोर संभावित खिलाड़ियों के शिविर से मनप्रीत को हटाने के दबाव को 'बाहरी हस्तक्षेप' बताया था। यह बात सामने आई कि मनप्रीत पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन से जुड़े मामले में शामिल था। इसके बाद दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 15 साल में पहली बार कोर संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किया गया। संभावित खिलाड़ियों को तय करने के लिए हुई बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह ने मिलकर कहा कि मनप्रीत को बाहर किया जाना चाहिए जिसके बाद फुल्टोन परेशान हो गए।

### हरियाणा टीम महिला सीनियर कबड्डी राष्ट्रीय चैम्पियन बनी

**हैदराबाद।** हरियाणा ने शुक्रवार को गत चैम्पियन भारतीय रेलवे को 39.37 से हराकर 72वीं महिला सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप जीत ली। निकिता ने हरियाणा के लिये 17 अंक बनाये जबकि रूचि ने नौ अंक जुटाये। भारतीय रेलवे के लिये पूजा ने सर्वाधिक 11 अंक बनाये। हरियाणा ने क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को और सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश को हराया था। वहीं रेलवे ने क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र और सेमीफाइनल में तमिलनाडु पर जीत दर्ज की थी। हिमाचल और तमिलनाडु को कांस्य पदक दिया गया।

### दिल्ली पर मुंबई का पलड़ा भारी सिद्धेश ने लगाया पांचवां शतक

**मुंबई।** संकटमोचक सिद्धेश लाड के सत्र के पांचवें शतक की मदद से मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के आखिरी लीग मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में बढ़त बना ली। तैंतीस वर्ष के लाड ने 178 गेंद में 12 चौकों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए। यह रणजी ट्रॉफी में उनका लगातार चौथा शतक है, जिसकी मदद से मुंबई ने पांच विकेट पर 266 रन बना लिए हैं। लाड ने सुवेद पारकर (नाबाद 53) के साथ छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 130 रन जोड़ लिए हैं। इससे पहले दिल्ली ने पहली पारी में 221 रन बनाए थे। लाड ने मुंबई के लिए रणजी के एक सत्र में कम से कम पांच शतक लगाने वाले सचिन तेंदुलकर और रूसी मोदी की बराबरी की।

टाटा स्टील मास्टर्स

# डी गुकेश 11वें दौर में करेंगे हमवतन चिदंबरम का सामना



एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

विश्व चैंपियन डी गुकेश तुर्की के यागिज कान एर्दोगमस पर जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में हमवतन अरविंद चिदंबरम का सामना करेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर का खेल बाकी हैं। दस दौर का खेल होने के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6.5 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। उनके साथी खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और स्थानीय स्टार जॉर्डन वैन फोरस्ट उनसे आधे अंक पीछे हैं। अमेरिका के हंस मोके नीमन और एर्दोगमस 5.5 अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश, जर्मनी के विंसेंट कीमर और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के पांच-पांच अंक हैं।

### एरिगैसी से आगे प्रज्ञाननंदा

भारत के आर प्रज्ञाननंदा और अनीश गिरी 4.5 अंकों के साथ अर्जुन एरिगैसी से आधे अंक आगे हैं। अरविंद 3.5 अंकों के साथ चेक ग्रैंडमास्टर थाई दाई वान गुयेन से आधे अंक आगे हैं। विश्व चैंपियन बनने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी गुकेश 12वें दौर में



नीमन और अंतिम दौर में कीमर से भिड़ेंगे। इस साल के अंत में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी प्रज्ञाननंदा ने शुरुआती दो मैचों में हार के बाद अभी तक अपनी लय हासिल नहीं की है। उनका अगला मुकाबला कीमर से होगा। एरिगैसी और चिदंबरम का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में निराशाजनक रहा है और उन्हें सम्मानजनक स्थिति में पहुंचने के लिए बाकी बचे तीनों मुकाबले जीतने होंगे।

# टेनिस टूर्नामेंट : गाडेकी-पीयर्स ने लगातार दूसरे साल जीता मिश्रित युगल का खिताब

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स 1989 के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल मिश्रित युगल का खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई है। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली गाडेकी और पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फाइनल में क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड की फ्रांसीसी जोड़ी को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया।

फाइनल सेट के टाईब्रेकर में गाडेकी और पीयर्स की जोड़ी 7-5 से पिछड़ गई, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और 9-7 की बढ़त बना ली। मैच प्वाइंट पर गिनार्ड ने बैकहैंड शॉट नेट में मार दिया, जिससे रॉड लेवर



एरिना में ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी अपना खिताब बचाने में सफल रही। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में इससे पहले जिम पुघ और याना नोवोत्ना ने 1988 और 1989 में लगातार खिताब जीते थे।

### देविका थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचीं

**बैंकॉक।** भारत की देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में घरेलू प्रबल दावेदार और शीर्ष वरीय सुपानिडा काटेथोंग को सीधे गेम में हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत की 20 वर्षीय गैर वरीय खिलाड़ी ने संयम से खेलते हुए 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में सुपानिडा पर 21-19, 21-18 की जीत हासिल की। देविका ने पिछले साल मलेशिया इंटरनेशनल में पहला बीडब्ल्यूएफ अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में 63वें नंबर की खिलाड़ी देविका अब अगले दौर में चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त ह्वांग यू-सुन से भिड़ेंगी। देविका ने अगस्त 2025 में मलेशिया इंटरनेशनल के फाइनल में हमवतन इशारानी बरुआ को हराया था। वह उस भारतीय मिश्रित टीम का भी हिस्सा थीं जिसने 2025 विश्व विश्वविद्यालय खेलों में कांस्य पदक जीता था। पिछले सत्र में देविका इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 की उप विजेता रहीं और 2024 में चार फाइनल में पहुंचीं।

# टी-20: दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से जीती सीरीज

**सेंचुरियन।** क्विंटन डीकॉक ने अपने 100वें टी20 मैच में शतक जड़ा, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 221 रन बनाए। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर (77) और ब्रेंडन किंग (49) ने दूसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंद पर नाबाद 57 रन की तूफानी पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि डीकॉक की 49 गेंदों में 115 रन की मदद से 17.3 ओवर तीन विकेट पर 225 रन बनाकर 15 गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर ली।

डीकॉक ने अपने 100वें टी-20 मैच में लगाया शतक



### डीकॉक ने लगाए 10 छक्के

डीकॉक ने डेवाल्ड ब्रेविस से उधार लिए बल्ले से खेलते हुए अपनी पारी में छह चौके और 10 छक्के लगाए। यह उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। रयान रिकेल्टन ने भी अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने 36 गेंदों में 77 रन की पारी खेली, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। कप्तान एडन मार्क्रम (15) के जल्दी आउट हो जाने के बाद डीकॉक और रिकेल्टन ने दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। श्रृंखला का तीसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा, जिसके बाद दोनों टीमें अगले सप्ताह भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रवाना होंगी।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | एम.सी. बहादुरगढ़ में बालाजी हुडा पार्क नं. 7 से 2244पी सेक्टर 9ए तक सीसी गली और स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.02.2026 | रु.2,85,71,367/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 [illegible] |
| 2 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार और साइन बोर्ड हेतु नाम बोर्ड का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 04.02.2026 | रु.42,34,410/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 [illegible] |
| 3 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में म्यूनिसिपल भूमि एमआईई पार्ट-बी में स्क्रैप यार्ड और डॉग शेल्टर का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.02.2026 | रु.1,32,80,964/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 [illegible] |
| 4 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में वार्ड 28 में नाला मरम्मत के साथ-साथ विभिन्न सीसी गलियों और स्वागत द्वार का पुनरोद्धार / निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.02.2026 | रु.1,16,48,576/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/42539/I/88/7 दि. 30.01.26




## खबर संक्षेप

### कुवैत से आ रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग



**अहमदाबाद।** कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो विमान को शुक्रवार के दिन बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया, जिसके बाद एहतियातन रूप से विमान की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एक टिशू पेपर पर लिखे नोट में प्लेन को हाईजैक करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसके बाद सभी 180 यात्रियों और उनके सामान की अच्छी तरह से जांच की।

### निपाह के डर से भारत से पशु उत्पादों पर बैन



**नई दिल्ली।** सेंट्रल एशियाई देश किर्गिस्तान ने भारत से जानवरों और पशु उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। निपाह वायरस के डर के बीच राजधानी बिश्केक और दूसरे सबसे बड़े शहर ओश में अपने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर आने वाले लोगों की स्क्रीनिंग कड़ी कर दी है। भारत में फैल रहे वायरस के कारण बिश्केक और ओश के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से आने वाले सभी यात्रियों के लिए सख्त संक्रमण नियंत्रण उपाय लागू किए हैं। ये उपाय भारत में निपाह वायरस के प्रकोप के जवाब में लागू किए गए हैं।

### नहीं थमता दिख रहा अमेरिका और ईरान के बीच तनाव, बड़ी सैन्य कार्रवाई की तैयारी

# परमाणु ठिकानों पर हमले और तख्तापलट की योजना, खास 'कमांडो' मिशन को देंगे अंजाम

यूएस स्पेशल फोर्सेज कमांडो को गुप्त रूप से जाएंगे

*तुर्की ने दोनों देशों के बीच तनाव कम करने को कहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। इसमें मिलिट्र रेड और स्पेशल फोर्सेज ऑपरेशन शामिल हैं। इसके जरिए ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ पूर्ण पैमाने पर हमला किए बगैर तख्तापलट करने और उसके परमाणु महत्वाकांक्षा को खत्म करने पर विचार कर रहा है। अगर इस प्रस्ताव को अमल में लाया जाता है, तो इसमें ईरानी परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल फैसिलिटी पर तेज हवाई हमले और हाई रिस्क ग्राउंड ऑपरेशन को अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए अमेरिकी सैनिकों की खास टुकड़ियां ईरानी जमीन पर उतरेंगी और मिशन अंजाम देकर वापस लौट जाएंगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन जिन योजनाओं पर विचार कर रहा है, इनमें अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज कमांडो को गुप्त रूप से ईरानी इलाके में भेजना और जून 2025 के हमलों के बाद बचे हुए न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट करना या उन्हें बेकार करना शामिल है।

### ईरान से बात कर रहे हैं: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



आयतुल्लाह खामेनेई



डोनाल्ड ट्रंप

हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वह ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई से बचना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि वह ईरान से बात कर रहे हैं। उन्होंने मिलिट्री ऑपरेशन से बचने की संभावना को खुला रखा, जबकि पहले चेतावनी दी थी कि तेहरान के लिए समय 'खत्म हो रहा है' क्योंकि अमेरिका इस क्षेत्र में एक बड़ा नौसैनिक बेड़ा भेज रहा है। ट्रंप ने कहा कि मैंने ईरान से बात करने की भी योजना बनाई है। हमने एक समूह को ईरान भेजा है। उम्मीद है कि हमें सैन्य कार्रवाई का इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा।

### ईरान की आईआरजीसी आतंकी संगठनः ईयू



यूरोपीय संघ (ईयू) ने ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल कर दिया है। ईयू ने बताया कि ईरान में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर सख्त कार्रवाई के चलते यह कदम उठाया गया है। यूरोपियन यूनियन कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है। ईयू की शीर्ष राजनयिक काया कलास ने कहा कि यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि तेहरान में प्रदर्शनों के दमन का जवाब दिया जाना जरूरी है।

### इजराइल पहुंचा अमेरिका का 'विध्वंसक' पोत

अमेरिकी नौसेना का एक विध्वंसक पोत इजराइल के इलात बंदरगाह पर पहुंचा है। मिस्र और जॉर्डन के साथ इजराइल की सीमाओं के पास, अकाबा की खाड़ी पर स्थित दक्षिणी बंदरगाह पर विध्वंसक पोत का आगमन पूर्व निर्धारित था। ये अमेरिकी और इजराइली सेनाओं के बीच चल रहे सहयोग का हिस्सा है।



यह गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर है। इसमें एजिस सिस्टम है, जो एयर डिफेंस, मिसाइल डिफेंस और क्रूज मिसाइल (टोमाहॉक) लॉन्च करने की क्षमता रखता है। यह जहाज हवाई हमलों, मिसाइलों और जहाजों से लड़ने के लिए डिजाइन किया गया है।

### अमेरिकी हमला पूर्ण युद्ध माना जाएगाः ईरान

ईरान ने ट्रंप की धमकियों पर पलटवार करते हुए कहा है कि अगर अमेरिका की तरफ से कोई भी हमला होता है तो उसे पूर्ण पैमाने पर युद्ध की तरह देखा जाएगा। ईरान ने मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी भी दी है। ईरानी सेना का कहना है कि वह पहले से ज्यादा तैयार है और उसकी उंगलियां ट्रिगर पर है। ईरानी सैन्य प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि किसी भी अमेरिकी कार्रवाई पर तेहरान की प्रतिक्रिया सीमित नहीं होगी बल्कि यह एक निर्णायक प्रतिक्रिया होगी जो तुरंत दी जाएगी।

### परमाणु वार्ता शुरू करें: तुर्की

तुर्की के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच वार्ता फिर से शुरू करना अमेरिका द्वारा संभावित हमलों के तनाव को कम करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस्तांबुल में अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ हाकान फिदान ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए वार्ता जरूरी है।

### इंडिया-ईयू एफटीए का दिखा असर

# अमेरिका ने पैक्स सिलिका गठबंधन में अब 'भारत' को भी किया शामिल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीयू) को हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता कि अमेरिका भारत के सामने घुटनों पर आ गया। अमेरिकी विदेश उप सचिव (आर्थिक मामलों के) जैकब हेलबर्ग ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि भारत फरवरी 2026 में पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का इस समूह में आना एक मील का पत्थर माना जा रहा है। बता दें, पैक्स सिलिका अमेरिका के नेतृत्व वाली एक ऐसी रणनीतिक पहल है, जिसे दिसंबर 2025 में शुरू किया गया था। इसका मुख्य मकसद वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना है। अमेरिका चाहता है कि आधुनिक तकनीक केवल भरोसेमंद लोकतांत्रिक देशों के पास ही रहे और चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम हो सके।



विदेश उप सचिव जैकब हेलबर्ग

### चीन को रोकेगा भारत

जैकब हेलबर्ग ने जोर देकर कहा कि शुरुआत में इस गठबंधन का केंद्र जापान और दक्षिण कोरिया जैसे मैन्युफैक्चरिंग हब थे। लेकिन अब सप्लाई चेन को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए भारत का साथ आना जरूरी है। भारत के पास न केवल खनिज संसाधन हैं, बल्कि एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की विशाल प्रतिभा भी है। अमेरिका का मानना है कि भारत के आने से हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक नया विकल्प तैयार होगा। सच्चाई यह है कि अमेरिका अब अपनी तकनीकी सप्लाई चेन के लिए पूरी तरह चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहता। चीन के बढ़ते तकनीकी ताकत से निपटने के लिए एक बार फिर भारत की याद आई है।

### भारत निभाएगा अहम भूमिका

हेलबर्ग ने स्पष्ट किया कि एआई की यह दौड़ 21वीं सदी की वैश्विक व्यवस्था को तय करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि विरोधी देश सप्लाई चेन को राजनीतिक दबाव के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए पैक्स सिलिका जैसा आर्थिक सुरक्षा गठबंधन जरूरी है। यह गठबंधन केवल बातचीत तक सीमित नहीं रहेगा। इसकी नीतियों के तहत निर्यात नियंत्रण, निवेश की जांच और रिसर्च के लिए सब्सिडी जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भरोसेमंद तकनीक दुश्मनों के हाथ न लगे। भारत के शामिल होने से देश में घरेलू सेमीकंडक्टर निर्माण को भारी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत इस मंच पर बैठकर भविष्य की वैश्विक तकनीक की रूपरेखा तैयार करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

## चिल्ला-ए-कलां का दौर समाप्त



**श्रीनगर।** भीषण सर्दी के दौर 'चिल्ला-ए-कलां' की शुक्रवार को हुई समाप्ति के बीच कश्मीर घाटी के अधिकतर हिस्सों में रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। श्रीनगर सहित कई इलाकों में न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज किया गया, जिससे इस अवधि की कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली। चिल्ला-ए-कलां की शुरुआत 21 दिसंबर को हुई थी। इस दौरान ऊंचाई वाले इलाकों में कई बार अच्छी बर्फबारी हुई, श्रीनगर सहित मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी दर्ज की गई।

### बांग्लादेश ने दिया भारत को धोखा

## चटगांव क्षेत्र में ड्रोन बनाने के लिए 850 एकड़ जमीन चीन को सौंप दी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश ने चटगांव के मीरसराय क्षेत्र में भारत को आवंटित स्पेशल इकोनॉमिक जोन (सेज) की करीब 850 एकड़ जमीन आधिकारिक तौर पर रद्द कर दी है। अंतरिम सरकार के इस फैसले के बाद अब यही भूमि चीन को ड्रोन निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए दे दी गई है। नई योजना के तहत चीन यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल टेकऑफ-लैंडिंग ड्रोन बनाएगा। बांग्लादेश सरकार के मुताबिक, प्लांट में इस साल के अंत तक उत्पादन शुरू हो जाएगा। चीन ने ड्रोन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर भी सहमति दे दी है। यह प्लांट भारतीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगा, जिससे



बांग्लादेश में सेज के लिए जमीन

रणनीतिक चिंताएं भी बढ़ गई हैं। इसके साथ ही बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान के बाद ड्रोन निर्माण करने वाला तीसरा देश बन जाएगा।

भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में पीएम नरेंद्र मोदी की ढाका यात्रा के दौरान तत्कालीन पीएम शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारतीय निवेशकों के लिए इंडियन इकोनॉमिक जोन (आईईजेड) स्थापित करने का फैसला लिया गया था।

### आईएएमएआई की रिपोर्ट में खुलासा शहरों से ज्यादा गांव में बढ़ा क्रेज

## देश में इंटरनेट यूजर्स 95 करोड़ के पार, 38% जनसंख्या अब भी दूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेट इन इंडिया रिपोर्ट 2025 (आईएएमएआई) के अनुसार, भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्या 95.8 करोड़ तक पहुंच गई है। जोकि 2024 की तुलना में आठ गुना ज्यादा हैं। हालांकि रिपार्ट ये भी बताती है कि देश की 38% आबादी (करीब 57.9 करोड़ लोग) अभी भी इंटरनेट से दूर है, लेकिन ये अंतर भी कुछ ही साल में धीरे-धीरे कम हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 58.8 करोड़ लोग शॉर्ट वीडियो के दीवाने हैं, जो कुल यूजर्स का 61 प्रतिशत है। दिलचस्प बात ये है कि शहरों से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में इन्हें देखा जा रहा है। वहीं, एआई (एआई) अब केवल चर्चा का विषय नहीं रहा। 44 प्रतिशत यूजर्स वॉयस सर्च, एआई फोटो जनरेशन और चैटबॉट्स का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं।




इंटरनेट

### शहरों को पीछे छोड़ता ग्रामीण भारत

रिपोर्ट के अनुसार डिजिटल डिवाइड अब तेजी से कम हो रहा है। कुल इंटरनेट यूजर्स में से 57 प्रतिशत (54.8 करोड़) ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। रिपोर्ट बताती है कि गांवों में इंटरनेट अपनाने की रफ्तार शहरों के मुकाबले चार गुना ज्यादा है। जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण का साफ संकेत है। ऑनलाइन शॉपिंग में फूड डिलीवरी भी अहम भूमि का निभा रहा है। क्विक कॉमर्स (जैसे जेप्टो, ब्लिंकिट) ने शहरी यूजर्स की आदतों को बदल दिया है। ऐसे में 65 प्रतिशत शहरी इंटरनेट यूजर्स अब ऑनलाइन शॉपिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसी का नतीजा है कि मल्टी-डिवाइस कल्चर भी बढ़ रहा है। देश में अब 19.3 करोड़ लोग एक से अधिक गैजेट्स पर इंटरनेट का आनंद ले रहे हैं।

## अमेरिका संग तनाव के बीच वेनेजुएला की कार्यकारी राष्ट्रपति ने की पीएम मोदी से बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ बने हुए मौजूदा तनाव के दौर में वेनेजुएला की कार्यकारी राष्ट्रपति डेलसी गोम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह फोन कॉल 30 जनवरी को वेनेजुएला की राष्ट्रपति की तरफ से पीएम मोदी को की गई थी। जिसमें दोनों नेताओं के बीच साझा हितों से जुड़े हुए कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई और ग्लोबल साउथ में अपने करीबी सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया गया है। दोनों ने भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने के लिए सहमति जताई है।



मंत्रालय ने कहा कि भारत और वेनेजुएला के नेताओं की इस वार्ता में व्यापार, निवेश, ऊर्जा, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, कृषि और लोगों के बीच सहयोग को लेजर बनी हुई साझेदारी के और अधिक विस्तार तथा इसे और अधिक गहराई प्रदान करने को लेकर भी सहमति व्यक्त की गई।

### पाक के तीन प्रांतों में 52 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के तीन प्रांतों में अलग-अलग अभियानों में सुरक्षाबलों ने 52 आतंकवादियों को ढेर कर दिया, जिनमें से अधिकतर का संबंध तालिबान से था। सेना एवं अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार तड़के पंजाब प्रांत में छह आतंकवादी मारे गए, जबकि बृहस्पतिवार को बलूचिस्तान में खुफिया सूचना पर आधारित दो अलग-अलग अभियानों (आईबीओ) में 41 आतंकवादियों का खात्मा किया गया।


### यूएन महासचिव ने बहुध्रुवीयता की पुरजोर अंदाज में वकालत करते हुए दिया अमेरिका, चीन जैसे देशों को सख्त संदेश

**पूरी दुनिया किसी एक के निर्देश देने से नहीं चलती है**

# दुनिया की समस्याओं का समाधान किसी एक देश के बूते की बात नहीं: एंटोनियो गुटेरेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के टैरिफ और चीन की विस्तारवादी आक्रामकता के बीच संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दो टूक अंदाज में दुनिया की दोनों बड़ी महाशक्तियों का नाम सहित उल्लेख करते हुए उनके शीर्ष नेताओं को संदेश दिया है। जिसमें उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान निकालना किसी एक देश के बस की बात नहीं है। यह पूरी दुनिया किसी एक के (ट्रंप) निर्देश देने से नहीं चलती है। साथ ही दो शक्तियों द्वारा



दुनिया को दो भागों में विभाजित कर देने से भी कुछ नहीं होगा। उन्होंने बहुध्रुवीयता की आवश्यकता का समर्थन करने पर जोर दिया और हाल ही में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के कुल 27 देशों के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी उल्लेख किया। यह जानकारी गुटेरेस ने मौजूदा वर्ष 2026 में अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी है। संभवतः उनके उत्तराधिकारी का चुनाव इस साल के अंत तक हो जाएगा।

**भारत-ईयू ट्रेड समझौता 'सकारात्मक':** यूएन महासचिव ने दुनिया में जारी युद्ध के बीच बने हुए हालातों पर चिंता जताई और कहा कि एक ऐसे मुश्किल समय में जब दुनिया में दो ध्रुव हैं। जिसमें एक अमेरिका तो दूसरी चीन केंद्रित दिखाई पड़ता है। लेकिन अगर वास्तव में हम एक शांत, स्थिर और विकास करने वाली दुनिया को बनाना चाहते हैं। तो हमें उसके लिए बहुध्रुवीयता या बहुपक्षवाद का अनिवार्य रूप से समर्थन करने की आवश्यकता है। उन्होंने इसी संदर्भ में भारत और ईयू के बीच हुई ट्रेड डील को भी सकारात्मक उम्मीद से भरा हुआ एक कदम करार दिया है। गुटेरेस ने बीते वक्त में ईयू द्वारा इंडोनेशिया, ईयू द्वारा मर्कोसुर (दक्षिण अमेरिका का एक आर्थिक-राजनीतिक व्यापारिक ब्लॉक) का भी जिक्र किया है।

### वैश्विक शांति-सुरक्षा यूएन की जिम्मेदारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों बोर्ड ऑफ पीस के गठन की घोषणा की थी। जिसके बाद उन्होंने अपने एक अचंभित करने वाले बयान में इसे संयुक्त राष्ट्र संघ का विकल्प भी बता दिया था। यूएन महासचिव गुटेरेस की उक्त टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति के बोर्ड ऑफ पीस के गठन के बाद आए बयान के तुरंत बाद दिए गए तीखे जवाब के रूप में देखी जा रही है। जिसमें उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा की मूल जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की है। मौजूदा परिस्थितियों को लेकर गुटेरेस ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रखकर उनका उल्लंघन किया जा रहा है, सहयोग घट रहा है, बहुपक्षीय संस्थाओं पर हमले बढ़ रहे हैं। माहौल ऐसा है कि जब युद्ध की शुरुआत करने वालों को रोकने की बजाय बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे तनाव बढ़ता जा रहा है। बावजूद इसके संयुक्त राष्ट्र की दुनिया में शांति स्थापना की कोशिशों पर ब्रेक नहीं लगेगा। बल्कि वह लगातार जारी रहेंगी।

### अमेरिका में आयातित दवाओं पर सवाल

## सुरक्षा कारणों से सीनेट ने मूल देश का नाम 'लेबल' पर लिखने की मांग रखी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसदों ने एक बार फिर मांग उठाई है कि दवाओं पर स्पष्ट रूप से यह दर्ज किया जाए कि उनका निर्माण किस देश में हुआ है। उनका कहना है कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत सहित कई देशों द्वारा दवाओं और उनके कच्चे माल के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने यह उजागर कर दिया कि अमेरिका की दवा आपूर्ति श्रृंखला अब भी बड़े पैमाने पर विदेशी देशों पर निर्भर है और इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा को गंभीर जोखिम हो सकता है।

यह मांग अमेरिकी सीनेट की एजिंग पर बनी विशेष समिति की सुनवाई के दौरान उठी। सुनवाई का विषय था, 'लेबलिंग में सचः अमेरिकी नागरिकों को यह जानने का हक है कि उनकी दवाएं कहां से आती हैं।' समिति के अध्यक्ष रिक स्कॉट ने अपनी नई विधेयक पहल 'क्लियर लेबल्स एक्ट' का ऐलान किया। इस प्रस्ताव के तहत अमेरिका में बिकने वाली सभी पर्ची वाली दवाओं पर यह बताना जरूरी होगा कि दवा और उनके मुख्य



समिति अध्यक्ष रिक स्कॉट

इंग्रेडिएंट्स कहां बने हैं। रिक स्कॉट ने कहा कि अमेरिका में दी जाने वाली करीब 91 प्रतिशत दवाएं जेनेरिक होती हैं और इनमें से लगभग 94 प्रतिशत दवाओं के सक्रिय घटक विदेशों में बनते हैं, जिनमें ज्यादातर उत्पादन चीन और भारत में होता है। जानकारी की कमी की वजह से मरीजों, डॉक्टरों और दवा विक्रेताओं को यह भी नहीं पता होता कि वे जो दवा इस्तेमाल कर रहे हैं, वह कहां बनी है। साथ ही, विदेशों में बने कारखानों की निगरानी करना भी अमेरिकी एजेंसियों के लिए मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमें न सिर्फ पब्लिक हेल्थ का गंभीर खतरा है, बल्कि नेशनल सिक्योरिटी का भी बड़ा खतरा है। अगर विदेशी सप्लायर एक्सपोर्ट बंद कर देते हैं, तो अमेरिका के पास जान बचाने वाली दवाओं तक पहुंच करने का कोई पक्का प्लान नहीं है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109